आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार, 12 नवंबर 2024 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-222 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 13 नवंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान

रायपुर,12 नवंबर। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव का मतदान 13 नवंबर को होगा। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं से इस दिन मतदान करने की अपील की है। मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। इस उपचुनाव में 2.71 लाख से अधिक मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान के लिए कुल 253 मुख्य मतदान केंद्र और 13 सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए मतदान कर्मियों की टीम को आज से सेजबहार कॉलेज से विभिन्न मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा।

शाहरुख को जान से मारने की धमकी देने वाला रायपुर का फैजान गिरफ्तार

रायपुर,12 नवंबर। अभिनेता शाहरुख खान को धमकी देने के मामले में मुंबई पुलिस ने आरोपी फैजान खान को पंडरी इलाके से गिरफ्तार कर लिया है. फैजान खान पर 5 नवंबर को बांद्रा पुलिस को कॉल कर शाहरुख खान से 50 लाख की फिरौती मांगने का आरोप है. फिरौती नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी. पुलिस फैजान को आज कोर्ट में पेश कर सकती है. गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की धमकी और बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से सलमान खान को भी लगातार धमकियां मिल रही है. महाराष्ट्र सरकार ने उन्हें ङ्ग प्लस सिक्योरिटी दी है. साथ ही सलमान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर और अंदर भी पुलिस अफसर तैनात किए गए हैं. साथ ही सलमान के ट्रेवल करने पर उनके साथ पुलिस की एक टीम जाती है और दूसरे शहर से भी उन्हें अलग से सिक्योरिटी भी दी जाती है.

हादसे का शिकार होते बची वंदे भारत एक्सप्रेस

रायपुर,12 नवंबर। विशाखापट्नम से दुर्ग आ रही वंदे भारत एक्सप्रेस ओडिशा के नुआपाड़ा रोड में हादसे का शिकार होते-होते बची. जानकारी के मुताबिक वंदे भारत एक्सप्रेस कल रात करीब 10 बजे विशाखापट्टनम से दुर्ग जा रही थी. इस बीच ट्रेन के लोको पायलट की सतर्कता से रेलवे ट्रैक पर एक बड़ा पत्थर देखा और ट्रेन को रेलवे लेवल क्रॉसिंग गेट से लगभग 100 मीटर पहले ही रोक दिया. ट्रेन रोकने के बाद लोको पायलट ने इस बारे में स्टेशन मास्टर को सूचित किया. जल्द ही रेलवे के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और ट्रैक से पत्थर को हटा दिया, जिसके बाद करीब एक घंटे बाद ट्रेन की आवाजाही सामान्य हो सकी. नुआपाड़ा पुलिस स्टेशन से एक टीम भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी कि ट्रैक पर पत्थर किसने और क्यों रखा था. वहीं, लोगों ने लोको पायलट की सतर्कता और सूझबूझ की सराहना की, जिसकी वजह से एक संभावित दुखद दुर्घटना टल गई.

मंत्री के बेटे से 3 लाख रुपये की ठगी

भोपाल,12 नवंबर। मध्यप्रदेश सरकार की मंत्री कृष्णा गौर के बेटे आकाश गौर के साथ लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। जालसाजों ने उन्हें महिंद्रा कंपनी में लेबर सप्लाई और ट्रांसपोर्ट का ठेका दिलाने का झांसा देकर 3 लाख 19 हजार रुपये की ठगी की। सूत्रों के अनुसार, ठगों ने आकाश गौर को ठेका दिलाने का वादा किया था और इस काम के लिए उनसे बड़ी रकम ऐंठ ली। ठगों ने जिस खाते से लेनदेन किया, उसमें डीएसपी साइबर क्राइम के नाम से ईमेल का इस्तेमाल किया गया था, जिससे ठगी का शक कम हो सके। जब आकाश को ठगी का आभास हुआ, तो उन्होंने तुरंत भोपाल साइबर क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई। गौरतलब है कि आकाश गौर, मंत्री कृष्णा गौर के पुत्र हैं और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर के नाती हैं। फिलहाल साइबर पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

सीजेआई बनते ही ऐक्शन में जस्टिस संजीव खन्ना

तत्काल सुनवाई पर बदल दी जस्टिस चंद्रचूड़ वाली व्यवस्था

नई दिल्ली,12 नवंबर। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने न्यायिक सुधारों के लिए नागरिक-केंद्रित एजेंडे की रूपरेखा तैयार की है और कहा है कि न्याय तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना और नागरिकों के साथ उनकी स्थिति की परवाह किए बिना समान व्यवहार करना न्यायपालिका का संवैधानिक कर्तव्य है। कार्यभार संभालने के दूसरे दिन आज को उन्होंने वकीलों को खरी-खरी सुना दी। सीजेआई संजीव खन्ना ने साफ-साफ कह दिया कि किसी भी मामले में जल्द सुनवाई की मांग मौखिक तौर पर नहीं सुनी जाएगी। चीफ जस्टिस ने कहा कि अब कोई मौखिक उल्लेख नहीं होगा। केवल ईमेल या लिखित पर्ची/पत्र में ही होगा। बस, तत्काल सुनवाई की आवश्यकता के कारण बताएं। चीफ जस्टिस ने न्यायिक सुधारों के

» वकीलों को सुनाई खरी-खरी

लिए नागरिक-केंद्रित एजेंडे की रूपरेखा तैयार की है और कहा है कि न्याय तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना और नागरिकों के साथ उनकी स्थिति की परवाह किए बिना समान व्यवहार करना न्यायपालिका का संवैधानिक कर्तव्य है। सीजेआई खन्ना ने कहा जल्द सुनवाई की मांग ईमेल के माध्यम से भेजें या रजिस्ट्री में लिखित अनुरोध करें। भारत के नए मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने कहा कि न्यायपालिका शासन प्रणाली का एक अभिन्न, फिर भी विशिष्ट और स्वतंत्र हिस्सा है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, संविधान हम पर संवैधानिक संरक्षक, मौलिक अधिकारों के संरक्षक की भूमिका और न्याय के सेवा प्रदाता होने के महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने की जिम्मेदारी पर भरोसा करता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में 51वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति खन्ना को शपथ दिलाई थी। न्यायमूर्ति खन्ना ने लोकतंत्र के तीसरे स्तंभ न्यायपालिका का नेतृत्व करने पर अत्यधिक सम्मान महसूस होने की बात कही। प्रधान न्यायाधीश ने सोमवार को अपने पहले बयान में कहा कि न्यायपालिका शासन प्रणाली का अभिन्न, फिर भी अलग और स्वतंत्र हिस्सा है। संविधान हमें संवैधानिक संरक्षक, मौलिक अधिकारों के रक्षक और न्याय के सेवा प्रदाता होने के महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपता है।

भाजपा की सरकार बनाओ, जिन्होंने पैसा लूटा उन्हें उल्टा लटका देंगे: शाह

रांची,12 नवंबर। गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड के झरिया विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज हमारे देश के महान नेता मदन मोहन मालवीय जी की पुण्यतिथि है। मालवीय जी ने स्वतंत्रता आंदोलन में बहुत बड़ा योगदान दिया और साथ ही बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना भी की। मैं आज मालवीय जी को प्रणाम करके आप सबकी ओर से श्रद्धांजलि देता हूं। उन्होंने लोगों से कहा कि आने वाली 20 तारीख को आप सभी को वोट देना है। आपका एक एक वोट झारखंड का भविष्य तय करने वाला है। शाह ने साफ तौर पर कहा कि आपका एक वोट तय करेगा कि खुद को करोड़पति-अरबपति बनाने वाला JMM चाहिए, या गरीब माताओं को लखपति दीदी बनाने वाली नरेन्द्र मोदी की सरकार आपको चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां कांग्रेस और JMM के नेताओं से करोडों रुपये पकड़े गए हैं, ये सारे पैसे झरिया और धनबाद के युवाओं और माताओं-बहनों के हैं। आप भाजपा की सरकार बना दीजिए, हम इन करोडों रुपये लूटने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड के गरीब आदिवासियों का, पिछड़ा वर्ग का और युवाओं का जो रुपया उन्होंने लुटा है, उसकी पाई-पाई उनसे वसूल करके झारखंड की तिजोरी में जमा की जाएगी।कांग्रेस और JMM पर हमला जारी रखते हुए शाह ने कहा कि इन्होंने ने 1 हजार करोड़ का मनरेगा घोटाला किया, भूमि घोटाला किया, खनन घोटाला किया, सेना की जमीन भी कब्जा ली, हजारों करोड़ का शराब का घोटाला किया।

अघाड़ी यानी भ्रष्टाचार के सबसे बड़े खिलाड़ी: मोदी

मुंबई,12नवंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के चिमूर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव के क्या नतीजे आने वाले हैं, ये आप लोगों ने आज ही दिखा दिया है। ये जनसैलाब बता रहा है कि महाराष्ट्र में महायुति की भारी बहुमत से सरकार बनने जा रही है। उनोहंने कहा कि चिमूर की जनता ने और पूरे महाराष्ट्र ने ठान लिया है - भाजप - महायुती आहे, तर गती आहे। महाराष्ट्राची प्रगती आहे। उन्होंने कहा कि मैं आज महाराष्ट्र भाजपा को भी बधाई दूंगा, जिसने बहुत ही शानदार संकल्प पत्र जारी किया है। इस संकल्प पत्र में लाड़की बहनों के लिए, हमारे किसान भाई-बहनों के लिए, युवाशक्ति के लिए, महाराष्ट्र के विकास के लिए एक से बढ़कर एक शानदार संकल्प लिए गए हैं। मोदी ने काह कि महायुति के साथ-साथ केंद्र में NDA की सरकार यानी महाराष्ट्र में डबल इंजन की सरकार, यानी विकास की डबल रफ्तार। महाराष्ट्र के लोगों पिछले 2.5 वर्षों में विकास की इस डबल रफ्तार को देखा है। आज महाराष्ट्र देश का वो राज्य है, जहां सबसे ज्यादा विदेशी निवेश हो रहा है। यहां नए एयरपोर्ट्स बन रहे हैं, नए एक्सप्रेस वे बन रहे हैं। आज महाराष्ट्र में करीब एक दर्जन वंदे भारत ट्रेन चल रही है, यहां के 100 से ज्यादा स्टेशनों के कायाकल्प किया जा रहा है, कई रेलमार्गों का विस्तार हो रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि महायुति की सरकार किस स्पीड से काम करती है और ये अघाड़ी वालों की जमात कैसे कामों को रोकते हैं, चंद्रपुर के लोगों से बेहतर ये बात और कौन जानेगा। यहां के लोग दशकों से रेल कनेक्टिविटी की मांग कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस और अघाड़ी वालों ने कभी भी ये काम होने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र का तेज विकास, अघाड़ी वालों के बस की बात नहीं है। अघाड़ी वालों ने केवल विकास पर ब्रेक लगाने में ही पीएचडी की है। कामों को अटकाने, लटकाने और भटकाने में कांग्रेस वाले तो डबल पीएचडी हैं। 2.5 साल में इन्होने मेट्रो से लेकर, वधावन पोर्ट और समृद्धि महामार्ग तक हर विकास परियोजना को रोकने का काम किया। इसलिए याद रखिए अघाड़ी यानी भ्रष्टाचार के सबसे बड़े खिलाडी! नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारा जम्मू-कश्मीर दशकों तक अलगाववाद और आतंकवाद में जलता रहा। महाराष्ट्र के कितने ही वीर जवान मातृभूमि की रक्षा करते करते जम्मू-कश्मीर की धरती पर शहीद हो गए। जिस कानून की आड़ में, जिस धारा की आड़ में ये सब हुआ, वो धारा थी 370। ये धारा 370 कांग्रेस की देन थी। उन्होंने कहा कि हमने 370 को खत्म किया। कश्मीर को भारत और भारत के संविधान से पूरी तरह जोड़ा। लेकिन कांग्रेस और उसके साथी कश्मीर में फिर से 370 लागू करने के लिए प्रस्ताव पास कर रहे हैं। ये लोग वो काम कर रहे हैं जो पाकिस्तान चाहता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे चंद्रपुर के इस क्षेत्र ने भी दशकों तक नक्सलवाद की आग को झेला है। यहां नक्सलवाद के कुचक्र में कितने ही युवाओं का जीवन बर्बाद हो गया। हिंसा का खूनी खेल चलता रहा, औधोगिक संभावनाओं ने यहां दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके साथियों ने आपको सिर्फ और सिर्फ खूनी खेल दिए हैं। ये हमारी सरकार है जिसने नक्सलवाद पर लगाम लगाई है। आज ये पूरा क्षेत्र खुलकर सांस ले पा रहा है। अब चिमूर और गढ़ चिरौली के क्षेत्र में नए अवसर बन रहे हैं। इस क्षेत्र में नक्सलवाद फिर से हावी न हो जाए, इसके लिए आपको कांग्रेस और उसके साथियों को यहां फटकने भी नहीं देना है।



देवउठनी एकादशी पर आज पूजन सामग्रियों तथा गन्ने की खूब बिक्री हुई

राहुल गांधी ने चिखली के मतदाताओं से मांगी माफी

नई दिल्ली,12 नवंबर। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को महाराष्ट्र के चिखली के मतदाताओं से माफी मांगी। दरअसल, गांधी की एक सार्वजनिक रैली होने वाली थी, लेकिन सुबह उनके विमान में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण वह नहीं आ सके। कांग्रेस ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें गांधी को माफी मांगते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि मेरा चिखली (महाराष्ट्र) आने का कार्यक्रम था लेकिन विमान में तकनीकी खराबी के कारण मैं आज सुबह वहां नहीं आ सका। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि मेरी आज एक सार्वजनिक रैली करने और सोयाबीन किसानों के साथ बातचीत करने का कार्यक्रम था।

रेड सिग्नल जंप करने पर एसपी की गाड़ी का चालान, जुर्माना पटाया

बिलासपुर,12 नवंबर। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कलेक्टर अवनीश शरण के साथ उनकी गाड़ी से जा रहे थे। उनके कुछ दूर पीछे पुलिस अधीक्षक का वाहन चालक भी एसपी साहब की गाड़ी चलाते हुए आ रहा था। सत्यम चौक पर कलेक्टर का वाहन क्रॉस होने के बाद सिग्नल रेड हो गया। पुलिस अधीक्षक के वाहन चालक द्वारा सिग्नल जंप कर दिया गया। यह घटना ITMS के कैमरे में कैद हो गई और पुलिस अधीक्षक को तत्काल मैसेज के माध्यम से चालान कटने की जानकारी प्राप्त हुई। जिसके बाद एसपी रजनेश सिह ने एक अच्छे नागरिक का परिचय देते हुए ऑनलाइन 2000 रूपये का चालान पटा दिया, और इसकी रसीद भी थाने से प्राप्त कर ली।

गृह मंत्री अमित शाह की सुरक्षा में बड़ी चूक

फर्जी पत्रकार बनकर पहुंचे यूपी के शख्स ने किया हंगामा

लखनऊ,12 नवंबर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सुरक्षा में बड़ी चूक हुई है। फर्जी पत्रकार बनकर पहुंचे यूपी के शख्स ने अमित शाह की बैठक में जमकर हंगामा किया। आरोपित की पहचान कानपुर निवासी शक्ति प्रकाश भार्गव के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कर लिया है। दरअसल, आरोपीबांद्रा कुर्ला कांप्लेक्स स्थित होटल में उच्च सुरक्षा वाले कार्यक्रम में प्रवेश करने के लिए फर्जी मीडिया पहचान पत्र का इस्तेमाल किया था। हालांकि भार्गव के खिलाफ यह कोई नया मामला नहीं है। विवादों से उसका पुराना नाता रहा है। इस बार भार्गव ने लाल इमली मिल घोटाले को लेकर शोर मचाकर बैठक में बाधा डाली और गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करने के लिए कागज फेंके। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति को तुरंत संभाल लिया और उसे बैठक से बाहर ले जाकर स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। वहीं, अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप सहित विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। शुरुआती जांच के अनुसार, वह कानपुर में लाल इमली मिल घोटाले से संबंधित उसकी शिकायतों पर कोई प्रतिक्रिया न मिलने से परेशान था। इसमें लाल इमली मिल घोटाले को लेकर शोर मचाकर बैठक में बाधा डाली और गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करने के लिए कागज फेंके। पुलिस पूरे मामले की जांच की रही है। कानपुर जागरण संवाददाता के अनुसार, कई अन्य विवाद भी उसके नाम के साथ जुड़े हैं। अप्रैल 2019 में दिल्ली में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान भाजपा प्रवक्ता जीवीएल नरसिम्हा राव पर जूता फेंकने के मामले में उसे गिरफ्तार किया गया था।

मुंबई में बंधक बनाकर डेढ़ साल तक युवती से अनाचार, आरोपी यूपी से गिरफ्तार

कोंडागांव,12 नवंबर। डेढ़ साल तक युवती को मुंबई में बंधक बनाकर उनके साथ अनाचार मामले में कोंडागांव पुलिस को सफलता मिली है. आरोपी युवक को यूपी के कानपुर से गिरफ्तार किया गया है. बता दें कि कोंडागांव जिले के एक छोटे से गांव की रहने वाली युवती के साथ आरोपी युवक ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दी थी. अभी पीड़िता का जिला अस्पताल में इलाज जारी है. पीड़िता के मुताबिक, पहले आरोपी ने फोन कॉल पर बात करना शुरू किया. अननोन नंबर से कॉल आने पर उसे इग्नोर करने लगी, फिर उस नंबर को ब्लॉक कर दिया. अलग-अलग नंबरों से लगातार काल आने लगे। इससे दोनों में दोस्ती हो गयी। युवक उसका पिछा करता रहा। इसी बीच युवती अपना इलाज कराने गई तो उसी समय कांच की बोतल फोड़कर युवती के गर्दन में टिकाकर युवती को जबरन अपने साथ ले गया। . मुंबई ले जाकर आरोपी ने युवती को एक कमरे में बंद रखा. उसके साथ मारपीट भी करता था. कमरा ऐसा कि जहां बाहर से हवा भी नहीं मिलती थी. कमरे में रोशनी भी नहीं आती थी. हमेशा चिल्लाने की आवाज आसपास से आती रहती थी. युवती के पास मोबाइल नहीं था और दोनों हाथ बंधे हुए थे.हैवानियत की हदें यहीं नहीं रुकी. आरोपी ने युवती के प्राइवेट पार्ट पर केमिकल डालकर जला दिया. कमरे में आरोपी मोबाइल को भूल गया था। उसी मोबाइल से युवक जिस फैक्ट्री में काम करता है उसके मालिक से बात कर हकीकत बताई। मालिक ने उसे छुड़ाया और ट्रेन से रवाना किया। युवती कोंडागांव पहुंच गई।

आईएएस विश्वरंजन बने चिप्स के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा बैच 2020 के आईएएस कुमार बिश्वरंजन को छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसाइटी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर की जिम्मेदारी सौंपी है. आज मंत्रालय के सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से उनकी पदस्थापना का आदेश जारी किया गया है.

भारत समर्थक माइक वाल्ट्ज को एनएसए बनाकर ट्रंप ने दिया चीन को झटका

वाशिंगटन,12 नवंबर। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में जीतने के बाद से, डोनाल्ड ट्रंप ने माइक वॉल्ट्ज को अपना राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया है. वॉल्ट्ज, अमेरिकी सीनेट में इंडिया कॉकस के प्रमुख, अमेरिका की मजबूत सुरक्षा नीति की वकालत करते हैं। अमेरिकी सीनेट में इंडिया कॉकस के प्रमुख माइक वॉल्ट्ज देश की सुरक्षा को और मजबूत करने के ट्रंप के वादों के दृढ़ समर्थक हैं. वह रूस-यूक्रेन युद्ध और मध्य ईस्ट में लंबे समय से चल रहे युद्धों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं. सीनेट के इंडिया कॉकस में 40 सदस्य हैं, जो 2004 में न्यूयॉर्क की पूर्व सीनेटर हिलेरी क्लिंटन और सीनेटर जॉन कॉर्निन ने बनाया था और सीनेट में सबसे बड़ा कॉकस है. माइक वॉल्ट्ज ने 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी दौरे के दौरान कैपिटल हिल में उनके ऐतिहासिक भाषण की व्यवस्था करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. माइक वाल्ट्ज ने नेशनल गार्ड में कर्नल के रूप में काम किया है और उन्हें एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती गतिविधियों के खिलाफ एक दृढ़ आलोचक के रूप में जाना जाता है.

सीएम ट्राफी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट 12 से 17 नवम्बर तक रायपुर में

jasclaudius@gmail.com

छत्तीसगढ़ महतारी की शान में न रहे कोई कमी

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छत्तीसगढ़ राज्य को मध्यप्रदेश से अलग होकर नया राज्य बने 24 वर्ष हो चुके हैं और अब 1 नवम्बर से हमारा प्रदेश अपनी स्थापना की रजत जयंती की ओर अग्रसर हो रहा है। इस दौरान प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुए और दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों को प्रदेश की जनता ने सत्ता सौंपी। राज्य में लोकहित के अनेक काम हुए जिसे कुछ नागरिकों ने पसंद किया कुछ ने कमी बताई। खेलकूद के क्षेत्र में पिछले 24 वर्षों में कई तरह के उतार-चढ़ाव देखने को मिले। इसमें एक बड़ी उपलब्धि विभिन्न खेलों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप का छत्तीसगढ़ में सम्पन्न होना है। उनमें से एक बैडमिंटन के अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट का इन दिनों लागतार दूसरे वर्ष आयोजन किया जा रहा है। हमारे प्रदेश में खेलकूद को बढ़ावा देने की यह एक अच्छी कोशिश है। उम्मीद की जा रही है कि इस स्पर्धा में भारत के अलावा श्रीलंका, इंडोनेशिया, थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात आदि के अनेक अंतर्राष्ट्रीय शटलर भाग लेंगे। छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ द्वारा इस प्रकार के आयोजन के निर्णय की जितनी भी तारीफ की जाए कम है। ऐसे प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन के लिए बड़ी राशि लगती है। इसलिए क्या केंद्र राज्य के प्रशासक, क्या पदाधिकारी, क्या खेल प्रेमी, क्या अभिभावक, क्या दानदाता, क्या दूसरे खेल संघों के पदाधिकारी सभी को मिलजुलकर एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। आम तौर पर देखा गया है कि ऐसे

आयोजन के लिए जमा की गई राशि थोड़ा बहुत कम पड़ जाती है जिसकी वजह से विदेशी या अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेल से जुड़े निर्णायकों, मैच का आनंद लेने आये हुए अतिथियों की देखभाल या आवभगत में कुछ कमी रह जाती है। इसकी वजह से हमारे प्रदेश के आयोजन से जुड़े लोगों पर दोष मढ़ दिया जाता है। यह प्रवृत्ति अच्छी नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के जिस खेल आयोजन से छत्तीसगढ़ महतारी की शान बढ़ती है उसके लिए सभी संबंधित सज्जनों को एकमत होकर मदद करनी चाहिए। इस दिशा में छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के कोषाध्यक्ष संजय मिश्रा जो कि अखिल भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव भी हैं उनके प्रयास की सराहना की जानी चाहिए। वे अपने जमाने के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तथा भारतीय बैडमिंटन टीम के कोच रह चुके हैं अतः उनके मन मस्तिष्क में बैडमिंटन के प्रति लगाव रचा बसा है। इस तरह के आयोजन के पीछे उनकी दूरदर्शिता है वे चाहते हैं छत्तीसगढ़ के बैडमिंटन खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डंका बजाये। यह भी सच है जब वो स्वयं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में भाग लेते थे तो छत्तीसगढ़ में इस स्तर की कोई चैंपियनशिप नहीं होती थी। अतः इस तरह के प्रतिष्ठापूर्ण प्रतियोगिता के सफल आयोजन का जिम्मा उन्होंने संभवतः अपने निकटतम खेलप्रेमी मित्रों, सहयोगियों, छत्तीसगढ़ प्रदेश बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया जैसे पदाधिकारियों की आपसी सहमति से रायपुर में कराने में दिलचस्पी दिखाई जिससे छत्तीसगढ़ व आसपास के राज्यों जैसे झारखंड, उड़ीसा, महाराष्ट्र के विदर्भ तथा मध्यप्रदेश के उदयीमान, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को कम उम्र में अंतर्राष्ट्रीय शटलर्स को खेलते हुए देखने का अवसर मिलेगा इससे उनके खेलने के ढंग, मैच में उनकी रणनीति, टूर्नामेंट के दौरान उनके दमखम को बनाये रखने का तरीका, हार या जीत की स्थिति में अपने आप पर काबू रखने की मानसिकता से परिचित हो सकेंगे जो भी हो ऐसे आयोजन को मीडिया में अधिक से अधिक प्रचारित-प्रसारित किया जाना चाहिए। भारतीय टेलीविजन चैनल और यूट्यूब में स्पर्धा के मुकाबलों के सीधे प्रसारण की व्यवस्था के लिए छत्तीसगढ़ के उद्योगपतियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, सार्वजनिक उपक्रम के संस्थानों को आगे आना चाहिए। इसका लाभ आने वाली पीढ़ी के हमारे युवा खिलाड़ियों को मिलेगा।

एक नजर

भाजपा नेता सीताराम साहू ने की पैरा ना जलाने किसानों से अपील

कवर्धा 12 नवंबर। भाजपा नेता सीताराम साहू ने पैरा ना जलाने की किसानों से अपील की ओर बताया की इंदौरी में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने जो विकास की सौगात दी है उससे इंदौरी की जनता बहुत खुश है ।

सूने मकान में अज्ञात चोर ने की चोरी

भिलाई 12 नवंबर। पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र हथखोज के इंदिरा नगर के एक घर में बीते पांच से आठ नवंबर के बीच चोरी की घटना हुई है घर में रहने वाला परिवार छठ मनाने के लिए बिहार गया हुआ था इसी दौरान किसी अज्ञात आरोपित ने घर में चोरी कर ली शिकायत पर पुरानी भिलाई पुलिस ने अज्ञात आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी कर उसकी तलाश शुरू की है पुलिस ने बताया कि इंदिरा नगर हथखोज निवासी शिकायतकर्ता रेशमी देवी ने चोरी की शिकायत की है वो पांच नवंबर को अपने परिवार के साथ छठ मनाने के लिए अपने गांव केनारच?ट्टी मायाबीगा जिला गया बिहार गई हुई थी आठ नवंबर को उसके पड़ोसी ने उसे फोनकर जानकारी दी उसके घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। इस पर शिकायतकर्ता नौ नवंबर को अपने परिवार के साथ वापस लौटी और घर में जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ था आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर और कुछ नकदी रुपये गायब थे।

20 नवंबर तक चलाए जा रहे बाल श्रमिकों के रेस्क्यू अभियान में कई प्रतिष्ठानो की जांच

भिलाई 12 नवंबर। सुपेला के बिरयानी सेंटर में काम करने वाले एक बाल श्रमिक को चाइल्ड लाइन और महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी ने रेस्क्यू किया। दरअसल राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से 21 अक्टूबर से 20 नवंबर तक चलाए जा रहे बाल श्रमिकों के रेस्क्यू अभियान के तहत सोमवार को एसोसिएशन फॉर वॉलेन्ट्री एक्शन की टीम ने दुर्ग जिले के कई प्रतिष्ठानों में जांच की। तभी शाम को सुपेला क्षेत्र के एक बिरयानी सेंटर में एक बच्चे को टीम ने काम करते देखा जिसके बाद टीम के मेंबर उसे साथ लेकर सुपेला थाना पहुंचे और बच्चे को चाइल्ड लाइन की टीम सीडब्लूसी के सामने पेश किया। जहां से बच्चे को पूछताछ के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसो. ने बिटिया के विवाह में दिया 25 हजार का सहयोग

भिलाई, 12 नवंबर। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के द्वारा अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए संस्था के चालक सदस्य कृष्णा राम की माता श्रीमती उमा देवी सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई की उपस्थिति में छोटी बहन कुमारी सीमा के विवाह में एसोसिएशन के द्वारा 25000/ नगद सहयोग राशि दी गई । एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंग छोटू, संरक्षक प्रभुनाथ मिश्रा, महेंद्र सिंग, गनी खान, गोपाल खंडेलवाल, सुधीर सिंह, कार्यकारणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकीत सिंग लल्लू, उपाध्यक्ष बलविंदर सिंग, दिलीप खटवानी, कोषाध्यक्ष जोगा राव, लाला भैया, रिजजु सिंह, सुनील यादव, रमन राव, वाजिद अंसारी, कमलेश्वर सिंग, गुरप्रीत सिंग, सोम सिंग, मोनी सिंग एवं सदस्यों के द्वारा अपनी ओर से कुमारी सीमा को आशीर्वाद दिया एवं विवाह की शुभकामनाएं दी ।

24 वीं अंतर जिला जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के लिए बीएसपी टीम का चयन

भिलाई, 12 नवंबर। कबड्डी संघ एवं कबीरधाम जिला कबड्डी संघ के संयुक्त तत्वावधान में कवर्धा में 22 से 24 नवम्बर 2024 तक 24 वीं अंतर जिला जूनियर (बालक एवं बालिका) कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें भाग लेने के लिये क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग एवं बीएसपी कबड्डी क्लब द्वारा, पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 के कबड्डी ग्राउंड पर 13 नवम्बर 2024 को संध्या 4ः00 बजे से बीएसपी (बालक एवं बालिका) टीम के चयन हेतु स्पर्धा आयोजित की गई है। इस चयन स्पर्धा के माध्यम से भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम का चयन किया जाएगा। इस स्पर्धा के लिए केवल वही बालक और बालिकाएं पात्र होंगे, जिनका वजन 70 कि.ग्रा. या उससे कम (बालक वर्ग के लिये) हो (जन्म तिथि 31.12.2004 या उसके पश्चात हो) तथा वजन 65 किग्रा. या उससे कम (बालिका वर्ग के लिये) हो (जन्म तिथि 31.12.2004 या उसके पश्चात) हो। अतः जो कार्मिक खिलाड़ी / वार्ड / भिलाई परिधीय क्षेत्र के युवा खिलाड़ी इस चयन स्पर्धा में भाग लेना चाहते हैं, वे अपने आधार कार्ड और 10वीं की मार्कशीट की मूल एवं छाया प्रति तथा 02 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 13 नवम्बर को संध्या 4 पूर्व पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 के कबड्डी ग्राउंड पर सुनील कुमार गौड, श्रीमती विमला चंदेल तथा विकास कुमार चयनकर्ताओं के पास अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं।

बीएसपी ने किया विभिन्न गांवों में स्वास्थ्य मेले का आयोजन

भिलाई, 12 नवंबर। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के माध्यम से स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 9 नवम्बर से 08 जनवरी 2025 तक दुर्ग जिले के विभिन्न विकासखण्डों में निर्धारित तिथियों पर स्वास्थ्य षिविरों का आयोजन किया जाएगा। इनमें पाटन, धमधा तथा निकुम विकासखण्ड शामिल है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) दिवस के उपलक्ष्य पर 09 नवम्बर को पाटन विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) बटरेल में स्वास्थ्य षिविर के आयोजन के साथ इसका उद्घाटन किया गया। इस क्रम में विभिन्न विकासखण्डों के गांवों में निर्धारित स्थानों पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा।

बीएसपी फ्लाईओवर परियोजनाओं और पुलों के लिए स्टील की कर रहा आपूर्ति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 12 नवंबर। राष्ट्रीय महत्व की कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, जिसमें मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (एमएएचएसआर) परियोजना, जिसे भारत की बुलेट ट्रेन परियोजना के रूप में जाना जाता है, भारत का सबसे लंबा समुद्री पुल अटल सेतु, अरुणाचल प्रदेश में सेला टनल, हिमाचल प्रदेश में अटल टनल, देश की राजधानी में निर्मित सेंट्रल विस्टा परियोजना और जम्मू-कश्मीर में बना दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल शामिल हैं, में उपयोग हेतु बड़ी मात्रा में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने वांछित ग्रेड के टीएमटी बार और प्लेट्स की आपूर्ति की है। इसके साथ ही महाराष्ट्र में कई फ्लाईओवर परियोजनाओं और रेलवे ओवर ब्रिज के लिए वांछित ग्रेड के स्टील की आपूर्ति कर रही है। भिलाई इस्पात संयंत्र ने सितंबर 2023 से जून 2024 की अवधि के दौरान कुही फ्लाईओवर परियोजना में उपयोग हेतु 8 से 32 मिलीमीटर व्यास में 7126 टन टीएमटी बार्स की आपूर्ति की है। वर्ष 2023-24 के दौरान महाराष्ट्र में निर्मित एक राजमार्ग परियोजना के लिए बीएसपी द्वारा लगभग 5500 टन प्लेट्स की आपूर्ति की गई है। वर्ष 2023-24 के दौरान, वर्धा-यवतमाल आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) परियोजना के लिए बीएसपी द्वारा लगभग 1610 टन प्लेट्स, एंगल और टीएमटी की आपूर्ति की गई है। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (एमएएचएसआर) परियोजना, जिसे भारत की बुलेट ट्रेन परियोजना के रूप में जाना जाता है, में उपयोग हेतु बड़ी मात्रा में टीएमटी बार्स की आपूर्ति की है। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र ने मुंबई में समुद्र के ऊपर निर्मित अटल सेतु पुल के लिए 13,800 टन टीएमटी बार्स और 2080 टन प्लेट्स की आपूर्ति की है। संयंत्र ने पूर्व में भी मुंबई में निर्मित बांद्रा-वर्ली सी लिंक परियोजना में उपयोग के लिए बड़ी मात्रा में टीएमटी बार्स और रॉड्स की आपूर्ति की है। असम राज्य में बने ढोला-सादिया पुल के लिए स्टील की आपूर्ति की है। संयंत्र ने नई दिल्ली में निर्मित सेंट्रल विस्टा परियोजना में उपयोग हेतु लगभग 8500 टन टीएमटी बार्स की आपूर्ति की है। संयंत्र ने जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल के निर्माण में उपयोग के लिए 5922 टन टीएमटी बार्स, 6454 टन प्लेट्स और 56 टन स्ट्रक्चरल्स सहित 12,432 टन वांछित ग्रेड के स्टील की आपूर्ति की है।

लोहारा थाना में गांजा तस्करों पर पुलिस ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा 12 नवंबर। थाना लोहारा क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने एक प्रकरण में दो व्यक्तियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ड्ड) के तहत कार्यवाही की है। इस दौरान आरोपियों के कब्जे से 1.846 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ (गांजा) बरामद किया गया, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 27,690 रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कृष्ण कुमार चंद्राकर के निर्देशन में थाना प्रभारी लालमन साव के नेतृत्व में यह कार्यवाही संपन्न की गई। थाना क्षेत्र में अवैध जुआ, सट्टा एवं मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। दिनांक 11/11/2024 को मुखबिर की सूचना पर ईरिमकसा तिराहा के पास रेड कार्यवाही के दौरान मादक पदार्थ गांजा के साथ दो तस्करों को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों के नामः 1. सतीश वाजपेयी उर्फ सोनू, पिता स्व. अशोक राव वाजपेयी, उम्र 40 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 09, स. लोहारा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

2. राजेश साहू, पिता विष्णु साहू, उम्र 39 वर्ष, निवासी ग्राम कोयलारी, थाना सिंघनपुरी जंगल, जिला कबीरधाम (छ.ग.) । उक्त आरोपियों के पास कुल 1.846 किलोग्राम गांजा पाया गया। पुलिस ने मादक पदार्थ को जब्त कर लिया और आरोपियों के विरुद्ध थाना स. लोहारा में अपराध क्रमांक 322/24 धारा 20(ड्ड) एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिसम्मत कार्यवाही कर उन्हें माननीय न्यायालय में न्यायिक रिमांड हेतु भेजा गया। जहां से माननीय न्यायालय द्वारा उन्हें जेल भेज दिया गया है।इस कार्यवाही में साइबर सेल प्रभारी आशीष कंसारी, उप निरीक्षक लक्ष्मीनारायण साव, प्रधान आरक्षक 171 बाबूलाल पांचे, प्रधान आरक्षक 284 सोहन वर्मा, आरक्षक 473 रविशंकर जायसवाल, आरक्षक 732 पुरुषोत्तम ठाकुर, और आरक्षक 515 अमित गौतम का विशेष योगदान रहा।

कार्य योजना बनाकर की जा रही है उद्यानों की साफ-सफाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 12 नवंबर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित उद्यानों का कार्य योजना बनाकर की जा रही है साफ-सफाई। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में लगभग 150 उद्यान है, जिसका संधारण एवं रखरखाव उद्यान विभाग के श्रमिक लगाकर कराया जाता है। सभी उद्यानों में फलदार, फूलदार, छायादार पौधे, फूलो की क्यारी, खेल सामग्री एवं घूमने के लिए पाथवे भी बनाया गया है। जहां प्रतिदिन आस-पास के वरिष्ठ नागरिक टहलने एवं बच्चे खेलने आते रहते है। उनकी सुविधा को देखते हुए उद्यानों की साफ-सफाई कराई जा रही है। नगर निगम भिलाई के उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू प्रतिदिन उद्यानों की मॉनिटरिंग करते है। जिन उद्यानों के घॉस, किनारे के पेड़ बड़े हो जाते है डाली इधर-उधर फैल जाते है उसे श्रमिकों की टीम लगाकर कटाई-छटाई कराया जाता है। जिससे आने वाले नागरिक एवं बच्चों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। निगम के पॉचो जोन क्षेत्र में उद्यान बनाया गया है, जहां पर आवश्यकतानुसार श्रमिक लगाकर साफ-सफाई कराया जा रहा है। साथ ही पौधों एवं क्यारी में पानी की सिंचाई, खाद इत्यादि डालकर पौधों को हरा-भरा रखा जा रहा है। रोड के बीच बने डिवाइडरो में टेंकर के माध्यम से पानी की सिंचाई भी कराई जा रही है, जिससे सभी पेड़-पौधे जीवित रहे।

अमित जोश को पनाह देने और उसका संरक्षण करने वालों को पुलिस पकड़ेगी

भिलाई 12 नवंबर। निगरानी बदमाश अमित जोश की पुलिस एनकाउंटर में मौत हो जाने के बाद पुलिस अब उसकी मदद और संरक्षण करने वालों का डाटा बनाकर तैयार करने में जुट गई है जल्द ही उनकी भी गिरफ्तारी करने पुलिस ने रणनीति बना ली है गौरतलब हो कि 8 नवंबर की शाम साढ़े 4 बजे एसीसीयू की टीम को जयंती स्टेडियम के पास निगरानी बदमाश अमित जोश दिखा। करीब 5 बजे वायरलेस से बदमाश अमित की लोकेशन के बारे में जानकारी दी इसके बाद एंटी साइबर एंड क्राइम यूनिट (एसीसीयू) के टीआई तापेश नेताम समेत चार लोग गाड़ी से टाउनशिप में सर्चिंग पर निकले गाड़ी क्राइम डीएसपी हेमप्रकाश नायक चला रहे थे इसके बाद जंयती स्टेडियम में टीम पहुंचते ही अमित जंगल की ओर भागने लगा पुलिस ने घेराबंदी शुरु की और अंतत वह पुलिस के एनकाउंटर में मारा गया बताया जाता है कि जोश ने पुलिस की एक टीम पर फायरिंग कर दी जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी के पैर में लगी इस दौरान आरोपी भागते हुए भी पुलिस पर 6-7 गोलियां चलाई इसके बाद पुलिस ने जवाब में करीब 16 राउंड फायरिंग की इसमें से आरोपी को गोलियां लगी और उसकी मौत हो गई थी पनाह देने वालों की भी धरपकड़ करेगी पुलिस पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि अमित जोश की मौत के बाद भी केस क्लोज नहीं किया जाएगा फरारी के दौरान आरोपी अमित जोश को 134 दिनों तक पनाह देने वालों और उसका संरक्षण करने वाले लोगों की पुलिस अब धरपकड़ शुरु करेगी पुलिस अपने स्तर पर जुटा रही जानकारियां हर एंगल से पड़ताल।

डेंगू, मलेरिया के बचाव एवं मच्छर उन्मूलन हेतु चलाया गया अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 12 नवंबर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में डेंगू मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। निगम के पांचो जोन के स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अपने.अपने जोन क्षेत्र में बीमारी की रोकथाम हेतु अभियान चला रहे है। जोन के अधिकारियों द्वारा अपने.अपने क्षेत्र में दल बनाया गया है। दल अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बस्तियों में जाकर निरीक्षण करते है। संबंधित परिवार को समझाइश देते है। रैली निकालते है, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को संदेश देते है कि किस प्रकार से स्वयं एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखा जावे। नगर निगम भिलाई का दल वार्ड क्रमांक 05 कोसानगर के आस.पास कुलर, पानी की टंकी, कन्टेनर, शौचालय एवं नालियों में डेंगू मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन के लिए मैलाथियान, टेमिफास, जला आईल आदि का छिड़काव कर रहे है। उसके साथ.साथ नागरिकों को जागरूक करते हुए बता रहे है कि पानी को उबालकर पिए, शुद्व ताजा भोजन करे। बाहर के बासी खाद्य सामग्री खाने से बचें, किसी प्रकार की उल्टी.दस्त, कपकपी के साथ बुखार आदि होने पर नजदीक के शासकीय अस्पताल में डांक्टर को दिखाकर दवा लेवें। अपने मन से मेडिकल स्टोर से दवा लेने से बचें, स्वयं से सुरक्षा ही सबसे बड़ा बचाव है। अभियान के दौरान जोन के वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, विरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, सुदामा परगनिया, गोपी साहू, चुर्णमणी यादव आदि उपस्थित रहे।

आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों ने रिसाली में संचालित योजनाओं की ली जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रिसाली 12 नवंबर। जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिक निगम रिसाली में 11 भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को नगर निगम रिसाली द्वारा शासन की हितग्राही मूलक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। नगरीय निकाय की भौगोलिक स्थिति जनसंख्या, वार्डो की संख्या, अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के मौजुद परिवार की जानकारी देते हुए नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधाओं के संबंध में विषय से संबंधित विभाग प्रमुखों ने वार्ड के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के मौजुदगी में प्रशिक्षु अधिकारियों को शासन की गाइडलाइन अनुसार योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में अवगत कराया। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, कचरा निष्पादन की तकनीकी जानकारियों के विषय में बताया गया। घरों, दुकानों, मार्केट क्षेत्र से एकत्रित कचरे को सैरीगेट्स करने की विधि बताई गई। रीसाइक्लिंग प्रक्रिया को समझाया गया। रूआबांधा एस.एल.आर.एम.सेंटर ले जाकर प्रायोगिक रूप से कचरे का निष्पादन के बारे में बताया गया। इसके अलावा मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, श्रम विभाग द्वारा छ.ग. भवन एवं सन्निकार कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना, एपीएल, बीपीएल राशन कार्ड, पेंशन, आयुष्मान कार्ड एवं मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों के द्वारा वस्तुस्थिति की जानकारी लेने मौके पर मुख्यमंत्री मोबाईल युनिट की बस, आंगनबाड़ी केन्द्र, आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत हमर क्लीनिक एवं श्रम क्षेत्र में रूआबांधा के आस-पास की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए आवश्यक जानकारी ली गई। प्रशिक्षु अधिकारियों में अमृता संदीपन, विष्णु शशि कुमार, शालिनी सिंह, हेमंत सिंह, अर्चना पीपी, कार्तिक राजा के एम, जे आशिक हुसैन, हर्षित सिंह, आयुष अग्रवाल, सूरज केएल, किरण सलोनी छाबड़ा एवं इस अवसर पर जिला कार्यालय से आशुतोष पांडे उपसंचालक अधौगिक सुरक्षा, कार्यपालन अभियंता एम.पी. देवांगन, प्रभारी सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता, उप अभियंता जयंता शर्मा, राजवीर चंद कौशिक, चन्द्रपाल हरमुख स्टेनो, प्रभारी उपअभियंता गोपाल सिन्हा एवं सहायक राजस्व अधिकारी रवि श्रीवास्तव एवं स्वास्थ्य प्रभारी बृजेन्द्र परिहार आदि उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

रामकृष्ण साहू ने नशा मुक्ति अभियान का संदेश दिया

कवर्धा 12 नवंबर। सुबह सुबह रामकृष्ण साहू ने अपने निवास पर नशा मुक्ति अभियान पर चर्चा करते हुए कहा की गुटखा खाने ओर शराब पीने की आदत युवाओं और गरीब परिवार में बढ़ती हुई दिख रही है जो चिंताजनक है और नशा मुक्ति अभियान जैसे कार्यक्रम होना चाहिए जिससे की युवा नशा प्रवृति की आदत से दूर हो । नशा जैसे कुरीतियों से दूर रहने की विनम्र अपील करते जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू ने नशा मुक्ति अभियान का संदेश दिया ।

अज्ञात आरोपितों ने सूने मकानों को निशाना बनाकर वहां से सोने चांदी के जेवर और नकदी रुपये चोरी कर फरार

भिलाई 12 नवंबर। स्मृति नगर चौकी क्षेत्र के सूर्य विहार कालोनी जुनवानी और आर्य नगर कोहका क्षेत्र में चोरी की घटनाएं हुई हैं अज्ञात आरोपितों ने सूने मकानों को निशाना बनाकर वहां से सोने चांदी के जेवर और नकदी रुपये चोरी कर फरार हो गए पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी कर उनकी पतासाजी शुरू कर दी है

पुलिस ने बताया कि सूर्य विहार कालोनी जुनवानी निवासी विनय तिवारी और आर्य नगर कोहका निवासी धन्नू साहू ने चोरियों की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता विनय तिवारी के घर पर यूएई में काम करता है उसकी पत्नी नीना तिवारी भी बीते जून माह में यूएई चली गई थी उसने घर की चाबी अपने पास रखी थी और बाहर के गेट की चाबी काम करने वाली ज्योति बाई को दिया था ताकि वो घर के बगीचे की देखरेख कर सके नौ नवंबर को ज्योति बाई ने शिकायतकर्ता पड़ोसी के मोबाइल से शिकायतकर्ता को फोन कर जानकारी दी कि उसके घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ इस पर शिकायतकर्ता 10 नवंबर को अपने घर जुनवानी पहुंचा और देखा तो कमरे में रखी आलमारी का भी लाक टूटा हुआ था। किसी अज्ञात आरोपित ने आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए चोरी किए गए सामान की कुल कीमत करीब तीन लाख रुपये आकी गई है दूसरे मामले की शिकायतकर्ता आर्य नगर, कोहका निवासी धन्नू साहू आठ नवंबर को अपनी छोटी बेटी के साथ उसके ससुराल बोहारडीह उतई गई हुई थी नौ नवंबर की सुबह पड़ोसन से घर का ताला टूटा होने की जानकारी मिलने पर वो अपने घर आई उसने घर में जाकर देखा तो आलमारी में से रखे सोने चांदी के जेवर और 11 हजार रुपये नकद नहीं थे चोरी किए गए सामान की कीमत दो लाख रुपये आकी गई है।

कवर्धा 12 नवंबर। सीनियर सिटीजन समिति कंवर्धा के अध्यक्ष मदन तंबोली सहित सदस्य आदित्य श्रीवास्तव, राजेश पांडे, ,, बलदेव प्रसाद एवं प्रभाकर शुक्ला ने कलेक्टर गोपाल वर्मा से सौजन्य मुलाकात कर कलेक्टर का सम्मान किया ।

कवर्धां 12 नवंबर। .सिक्ख समाज द्वारा 5 नवम्बर से हर सुबह शबद कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी निकाली जा रही है ।

कवर्धां 12 नवंबर। तुलसी पूजा देवउठनी एकादशी पर्व को देखते हुए सुबह से ही गन्ना की बिक्री होती रही ।

शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

पांच सूत्रीय मांगों को पूरा करने किया निवेदन

तरूण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय आव्हान पर ब्लाक संचालक दिनेश कुरेटी एवं कीरत गणवीर के नेतृत्व में छुरिया विकास खंड के शिक्षक संघर्ष मोर्चा के ब्लाक पदाधिकारियों ने गत 11नवंबर को मुख्यमंत्री के नाम पर छुरिया के नायब तहसीलदार विजय कोठारी,जनपद पंचायत छुरिया के मुख्यकार्यपालन अधिकारी होरीलाल साहू एवं छुरिया के विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रशांत कुमार चितर्वकर को लिखित ज्ञापन सौंप कर मुख्यमंत्री तक शिक्षक संघर्ष मोर्चा के लिखित ज्ञापन को प्रेषित करने का निवेदन किया। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के ब्लाक संचालक द्वय दिनेश कुरेटी एवं कीरत गणवीर ने बताया कि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के लिखित ज्ञापन में शिक्षक मोदी की गारंटी के तहत शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर करने,समतुल्य वेतनमान देने, पूर्व सेवा अवधी की गणना कर पुरानी पेंशन का निर्धारण करने,समस्त शिक्षक एल.बी.संवर्ग संवर्ग को क्रमोन्नत समयमान वेतनमान देने एवं केन्द्र के समान मंहगाई भत्ता एरियर देय तिथि से देने की पांच सूत्रीय मांग सामिल हैं।

ब्लाक संयोजक दिनेश कुरेटी एवं जिला सहसंयोजक संदीप साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा की उक्त पांच सूत्रीय मांग वर्षों से लंबित है तथा मांग पूरी नहीं होने के कारण शिक्षक एल.बी.संवर्ग को अत्यंत ही आर्थिक नुकसान हो रहा है। जैसे ही केन्द्र सरकार मंहगाई भत्ता में वृद्धि करती है राज्य सरकार को भी मंहगाई भत्ता में वृद्धि करने का प्रावधान रहता है लेकिन छत्तीसगढ़ के अधिकारी कर्मचारियों को केन्द्र के समान मंहगाई देने की मांग को लेकर आंदोलन करना पड़ता है। शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिलने से बूढ़ापा का सहारा कहे जाने वाले पेंशन से वंचित होना पड़ रहा है। खासकर 1998 से कार्यरत बहुत से शिक्षक एल.बी.संवर्ग संवर्ग सेवानिवृत्त होने के करीब पहुंच गये है तथा कुछ शिक्षक सेवानिवृत हो चुके है। सेवा निवृत्त हो चुके शिक्षक एल.बी.संवर्ग को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिलने से परिवार एवं समाज में उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उक्त पांच सूत्रीय मांग को शीघ्र पूरा करने का निवेदन किया है तथा मांग पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन करने की बात कही है।ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के ब्लाक संचालक द्वय दिनेश कुरेटी एवं कीरत गणवीर,जिला सहसंचालक संदीप साहू,जगदीश साहू,ईश्वर दास मंडावी,रामकुमार नेताम, राकेश कुमार खोब्रागढ़े, चेतन प्रसाद दुबे,उमाशंकर साहू, सतीश कुमार लहरे, अश्वनी कुमार साहू, गौकरण सिन्हा, दीपक कुमार कुम्भकार, गजेन्द्र कुमार साहू, रामकुमार देवांगन, शैलेन्द्र कुमार कोठरे, कोमल सिंह गुरू, हेमलाल सहारे, ज्ञानेश्वर जाम्बुलकर,रीना जगनीत,चमेली देवांगन, रत्नदीपा केसरिया,चुम्मन लाल भुआर्य एवं जगन्नाथ नेताम आदि सामिल रहे।

एक नजर

महाराष्ट्र के भोखर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे विक्रांत सिंह

खैरागढ़ ,12 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। प्रदेश भाजपा नेतृत्व के निर्देशानुसार राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह महाराष्ट्र राज्य के प्रवास पर है जहां नांदेड़ जिला के अंतर्गत आने

वाले भोखर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी सुश्री जया अशोक चौहान के पक्ष में श्री सिंह लगातार चुनावी बैठके लेकर कार्यकर्ताओं से रूबरू हो रहे है।बता दें कि श्री सिंह को भोखर विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी मिली है तब से लगातार गाँव गाँव जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से अवगत करा रहे है साथ ही आमजन से मुलाकात कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं इसी क्रम में श्री सिंह ने विभिन्न गांव खेड़ेगांव, मुदखेड़, सोमठाणा, देवठाणा, कीणी, मालज,भोखर, बारड, अर्धांपुर तीनों भाजपा मण्डल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ के साथ बैठक लेकर चुनावी रणनीति पर विस्तार से जानकारी साझा किया व कार्यकर्ताओं से चर्चा किया।

सोनडोंगरी में नगर निगम का श्वान आश्रय केन्द्र तेजी से ले रहा आकार

रायपुर,,12 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम जोन क्रमांक 8 द्वारा जोन के तहत सोनडोंगरी में श्वान आश्रय केन्द्र का निर्माण एवं विकास कार्य तेज गति से निरन्तर प्रगति पर है. लगभग 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है. प्लास्टर कार्य, पेंटिंग कार्य सहित शेष बचे फिनिशिंग कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने जोन 8 जोन कमिश्नर श्री ए. के. हालदार एवं कार्यपालन अभियंता श्री अभिषेक गुप्ता को दिए है। नगर निगम का श्वान आश्रय केन्द्र सोनडोंगरी में पूर्ण होने के पश्चात वहाँ रायपुर शहर क्षेत्र के सड़क दुर्घटना में चोटिल, घायल, अस्वस्थ लगभग 70 श्वानों को एक साथ स्वास्थ्य लाभ देने रखे जाने की व्यवस्था दी जाएगी. उक्त श्वान आश्रय केन्द्र में ऑपरेशन थिएटर, पशु चिकित्सकों की व्यवस्था दी जाएगी. कुछ एनजीओ से सहमति बनी है कि वे शहर निवासी कोई भी नागरिक अपने पालतू श्वान को शहर के बाहर जाने पर पालतू श्वान को देखभाल हेतु श्वान आश्रय केन्द्र सोनडोंगरी में रख सकेगा, इस हेतु एनजीओ की सहभागिता से समुचित व्यवस्था देने एवं पालतू श्वानों को देखभाल हेतु पृथक व्यवस्था देने की तैयारी की जा रही है. आयुक्त के निर्देशानुसार आज जोन 8 जोन कमिश्नर श्री ए. के. हालदार ने कार्यपालन अभियंता श्री अभिषेक गुप्ता की उपस्थिति में सोनडोंगरी में श्वान आश्रय केन्द्र के प्रगतिरत निर्माण कार्यों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया एवं सम्बंधित अबुबंधित ठेकेदार को फिनिशिंग कार्य तेज गति से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

दो हत्यारों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा

कोरबा 12 नवम्बर। बाड़ी की तरफशौच के लिए जाने से मना करने पर नाराज होकर दो ग्रामीणों ने मिलकर चम्पा बाई को इस कदर पीटा कि इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण में दोषी पाए जाने पर दोनों हत्यारे को सश्रम आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया है।

भोथली में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन

डोंगरगढ़,12 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव की अध्यक्ष सुषमा सावंत एवं तालुका विधिक सेवा समिति डोंगरगढ के अध्यक्ष महोदय अनिश दुबे के मार्गदर्शन में 11 नवम्बर 2024 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम भोथली में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया । इस शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य डी. के. बडोके के द्वारा किया गया। इस शिविर में पीएलवी अशोक कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि 11 नवंबर का दिन विशेष है। शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को देखते हुए प्रतिवर्ष मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के जन्मदिन (11 नवंबर) की स्मृति में ही %राष्ट्रीय शिक्षा दिवस% मनाया जाता है। वैधानिक रूप से %राष्ट्रीय शिक्षा दिवस% का प्रारंभ 11 नवंबर, 2008 से किया गया। शिक्षा हर व्यक्ति के लिए बेहद जरूरी है। आगे उन्होने कहा व्यक्ति और समाज दोनों को आकार देने में एजुकेशन की भूमिका मुख्य है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस भी इसीलिए मनाया जाता है ताकि लोगों को इसके बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जा सके और सभी को शिक्षा की मुख्यधारा में शामिल करना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का उद्देश्य भारत के सभी स्कूल/ कॉलेज/ संस्थानों को को मजबूत करके शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। पश्चात पीएलवी पवन कुमार द्वारा लोक अदालत तथा साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गई। विद्यार्थियो को पोक्सो कानून , बालश्रम तथा नए कानून आदि जानकारी से अवगत कराया गया। इसके अलावा विधिक सेवा हेल्पलाइन 15100, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस शिविर को महत्वपूर्ण बनाने में प्राचार्य डी. के. बड़ोके जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम में शिक्षकगण तथा पैरालीगल वॉलिंटियर अशोक कुमार पाण्डेय,पवन कुमार उपस्थित रहे।

लखोली बूथ क्रमांक 60 के अध्यक्ष संतोष साहू की मांग पर प्रशासन करेगा विचार

राजनांदगांव ,12 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

कभी-कभी सरकार को आम आदमी या आम पार्टी कार्यकर्ता की बात जंच जाति है और वह बड़े स्तर पर निर्णय बन जाता है। ऐसा ही राजनांदगांव के लखोली स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 60 के प्रभारी व भाजपा के युवा नेता संतोष साहू ने कुछ दिनों पहले मांग उठाई थी। कि गरीब आवासहीनो को पट्टा दिया जाए। इसी के साथ उन्होंने गरीब आवासहीनो की तकलीफों को शासन के समक्ष रखा था शासन ने मानवता दिखाते हुए उनके मांग पर विचार किया और यह निर्णय लिया है। कि नगरी निकाय चुनाव के पहले गरीब आवास योजना को पट्टा दे दिया जाएगा ताकि उन्हें रहने बसने की समस्या ना हो और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की मंशा के अनुरूप गरीबों का कल्याण हो सके।श्री साहू ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव से पहले सरकार ने लोगों को बड़ा तोहफा दिया है। लंबे समय से पट्टे का इंतजार कर रहे आवासहीन लोगों को अब सरकार पट्टा देने जा रही है। शहर में छह सौ फीट भूमि के लिए पट्टा दिया जाएगा। इसकी अवधि 30 साल के लिए तय की गई है। जिला प्रशासन ने अफसरों की ड्यूटी लगाने के साथ ही बैठक के बाद सर्वे का काम भी शुरू कर दिया है। इस आदेश के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए प्रत्येक क्षेत्र के लिए प्रारूप-क में एक रजिस्टर तैयार करेगा। प्राधिकृत अधिकारी क्षेत्र के प्रत्येक कुटुम्ब के अधिभोग के अधीन भूखंड को दर्शाने वाली स्थल योजना तैयार करवाएगा। प्राधिकृत अधिकारी ऐसे क्षेत्रों का भुवन या मुक्तस्रोत के नक्शे के आधार पर एक ले-आउट तैयार करेगा। शासन द्वारा आवासहीन लोगों को अगले तीन दशक यानि 30 साल के लिए यह पट्टा जारी किया जाएगा।

सभी दिवंगत पंचायत शिक्षक के परिजनों को न्याय नहीं दे रही सरकार

- सिर्फ 27 को अनुकंपा नियुक्ति देने से काम नहीं चलेगा
- दिवंगत पंचायत अनुकंपा शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष अश्वनी सोनवानी ने लगाया आरोप

राजनांदगांव । प्रदेश भर के दिवंगत पंचायत शिक्षक के परिजन लंबे समय से सरकार से न्याय की मांग कर रहे हैं। कि उन्हें परिवार चलाने के लिए अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाए सरकार उनकी मांग को टालते आ रही है आंदोलन के जरिए जब दबाव बढ़ा तो सरकार ने सभी दिवंगत पंचायत शिक्षकों के परिजनों से न्याय करने का आश्वासन दिया था। लेकिन सरकार सिर्फ 27 को अनुकंपा नियुक्ति देकर अपने दायित्व से पल्ला झाड़ लेना चाहती है। इससे प्रदेश भर के वंचित और उपेक्षित दिवंगत पंचायत शिक्षक के परिजन सरकार के ऐसे कृत्य की निंदा कर रहे हैं। दिवंगत पंचायत अनुकंपा शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष अश्वनी सोनवानी ने दुखी भाव से कहा कि वे संगठन के साथियों को साथ लेकर प्रदेश भर के साथियों के साथ आंदोलन करते आ रहे हैं। शासन को प्रशासन के जरिए कई बार ज्ञापन भी सोपे जा चुका है। लेकिन सरकार हमारी मांग को टालते आ रही है। इससे दिवंगत पंचायत शिक्षकों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है। जिससे वह बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी से त्रस्त है। इस गंभीर समस्या का निदान राज्य सरकार के पास है। लेकिन पता नहीं वह किसके द्वारा दिगभ्रमित करने से मांग पूरी नहीं कर रही है। श्री सोनवानी ने आगे कहा कि दिवंगत शिक्षाकर्मी के परिजनों के साथ फिर से एक बार न्याय नहीं हुआ है। 16 अक्टूबर को जो कैबिनेट बैठक हुई थी। उसमें दिवंगत पंचायत शिक्षक के परिजनों के लिए कहा गया था। कि सबके साथ न्याय होगा पर 05 नंबर के दिशा निर्देश में डी एंड डी एल एंड और टीईटी पास जरुरी कहां गया है। इसमें पूर्व के नियमों को फिर से लागू करके दिवंगत शिक्षाकर्मी के परिजनों के साथ अन्याय हुआ है। दिवंगत पंचायत शिक्षक के परिजनों की मांग है। कि हम सभी को योग्यता अनुसार तृतीय एवम चतुर्थश्रेणी में अनुकंपा नियुक्ति दिया जाए तभी हम सभी साथ सही न्याय होगा।

रायपुर में पहली बार हुई त्रिलोक तीर्थ वंदना

रायपुर ,12 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर के आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 में जारी पंचाह्निका महोत्सव के चौथे दिन जिनभक्ति = त्रिलोक तीर्थ वंदना की गई। इस पावन मौके पर मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी म.सा. ने प्रवचन मंडप में तैयार की गई तीर्थ एवं सभी आकृतियों की महत्ता को बताया। महिला मंडल द्वारा प्रवचन मंडप में करीब 8 घण्टे की मेहनत से तैयार की गई भव्यतम आकृतियां आकर्षण का केंद्र रही। चातुर्मास समिति के सचिव महेंद्र सराफ एवं उपाध्यक्ष मांगीलाल बरड़िया ने बताया कि पांच दिवसीय पंचाह्निका महोत्सव मुनिश्री जयपाल विजयजी म.सा., मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म. सा,मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी म. सा,साध्वी रत्ननिधिश्रीजी म.सा, साध्वी रिद्धिनिधि श्रीजी म.सा आदि ठाणा के शुभ सानिध्य में 8 नवम्बर से जारी है। महोत्सव के चौथे दिन रायपुर में प्रथम बार त्रिलोक तीर्थ वंदना का भव्य आयोजन किया गया। 14 राज लोक के त्रिलोक अर्थात उर्ध्वलोक , अधोलोक और पाताल लोक की वंदना की गई। उर्ध्वलोक में 12 देवलोक,9 गैवेयक एवं 5 अनुत्तर रहे हुए प्रत्येक जिनालय एवं भगवान की प्रतिमाओं की वंदना की गई। इसी तरह अधोलोक (पाताल लोक) के देवों भवनपति एवं व्यंतर देव को वंदन किया गया। इसी तरह पृथ्वी लोक में जम्बूदीप में रहे हुए सभी जिनालय एवं प्रतिमाओं का वंदन किया गया।

कलेक्टर ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

राजनांदगांव 12 नवम्बर । कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं का पंजीयनए टीकाकरण एवं जन्म लेने वाले शिशु का जन्म प्रमाण पत्र 21 दिवस के भीतर बनाने के निर्देश दिए। किशोरी बालिकाओं के पोषण एवं काऊंसलिंग हेतु विशेष रूप से कहा गया। साथ ही कार्ययोजना बनाकर स्कूलों मे किशोर बालिकाओं का हीमोग्लोबिन जांच करने एवं एनिमिया मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने, प्रत्येक गुरूवार को स्कूलों में किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी शिक्षा देने के निर्देश दिए। टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत डिलीवरी प्वाइंट माड्यूल में समस्त निजी अस्पतालों के साथ बैठक कर शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने 108 व 102 वाहनों को समय पर जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचने के लिए कहा। कलेक्टर ने टीबी कार्यक्रम अंतर्गत बलगम जांच बढ़ाने तथा निक्षय मित्र बनने के लिए लोगों प्रेरित करने कहा। उन्होंने आयुष्मान भारत अंतर्गत सभी सीएचसी एवं पीएचसी में आईपीडी का शत-प्रतिशत क्लेम एवं निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए और सभी को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में हेल्थ जांच कराने कहा। चिरायु कार्यक्रम अंतर्गत आयुष चिकित्सक टीम द्वारा घुमका एवं डोगरगढ़ में कार्य किये जाने हेतु जिला आयुर्वेद अधिकारी को निर्देश दिये। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिचोला के नवीन भवन हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से समन्वय करने कहा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी, सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम श्री संदीप ताम्रकार सहित समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी उपस्थित थे।

शिक्षिका ने अपने जन्मदिन पर कराया न्योता भोज

सूरजपुर, 12 नवम्बर । प्रधानमंत्री पोषण शक्ति कार्यक्रम में सामूहिक सहभागिता के तहत आज शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पतरापाली में शिक्षिका श्रीमती अनीता सिंह ने अपने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया। शिक्षिका अनीता सिंह के द्वारा विद्यालय के सभी बच्चों, शिक्षकों एवं ग्राम के सदस्यों को न्योता भोज कराया। कार्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज ने कहा न्योता भोज का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है.

14 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने से किसानों के चेहरे में आएगी चमक : अशोक देवांगन

राजनांदगांव ,12 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राज्य सरकार के किसान हितैषी होने से कांग्रेस के सिर पेट और अन्य जगह पीड़ा हो सकती है। यह खरी खरी बात जिला पंचायत सदस्य व भाजपा के कद्दावर नेता अशोक देवांगन ने कहते हुए डबल इंजन सरकार की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि भाजपा का किसान मजदूर हितैषी होना ही भाजपा के विश्व में सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था होने का प्रमाण है। क्योंकि इसी वर्ग के लोग भारत में सबसे ज्यादा रहते हैं। श्री देवांगन ने आगे कहा कि आगामी 14 नवंबर से प्रदेश में समर्थन दर पर धान खरीदी की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था शासन प्रशासन द्वारा की जा रही है। जिससे किसानों में प्रसन्नता व्याप्त है। किसान भाई-बहन और खेतीहर मजदूर धान कटाई मिजाई में युद्ध स्तर पर भिड़े हुए हैं। उन्हें अवगत करा दिया गया है कि 14 नवंबर से समर्थन दर पर सोसाइटियों में धान खरीदी जो होगी उसकी राशि 3100 प्रति क्विंटल के हिसाब से किसानों के खातों में अविलम्ब भेजी जाएगी। इससे उन्हें घर खर्च चलाने कर्ज छुटने तथा कोई स्थाई बेशकीमती चीज खरीदने में सहूलियत होगी। साथ ही उन्नत कृषि का दायरा बढ़ा सकते हैं। श्री देवांगन ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर वह किसान हितैसी होती तो केंद्र और राज्य दोनों जगह विजय का परचम फहराती लेकिन प्रदेश सहित देश की जनता उनके छल कपट को अच्छी तरह जानती समझती है तभी तो उनके बहकावे में नहीं आती है। जो उनके बहकावे में आ जाते हैं उन्हें अपने विवेक से निर्णय लेने की आवश्यकता है कि वह किसका साथ दे। क्योंकि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है इसलिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी चुनावी घोषणा पत्र में किसानों को बहुत महत्व दिया था और अन्नदाता की हमेशा दुख सुख में भारतीय जनता पार्टी हमेशा खड़ी रहती है अपने वादा को पूरा करते हुए एक मुफ्त राशि अन्नदाता किसानों को खाता में 14 नवंबर से धान खरीदी की राशि डाला जाएगा।

भाजपा सदस्यता अभियान की ऐतिहासिक सफलता को लेकर संगठन ने की विभिन्न पुरस्कारों की घोषणा

रायपुर ,12 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा प्राथमिक सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में अभी तक की रिकॉर्ड सदस्यता करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहन स्वरूप अलग-अलग श्रेणी में सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया है। यह सम्मान समारोह जिला एवं प्रदेश स्तर पर नवंबर महीने के अंत में आयोजित किया जाएगा। भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक श्री सिंहदेव ने बताया कि 100 से अधिक सदस्य बनाने वालों को जिला स्तर पर सदस्यता शतक वीर पुरस्कार, 500 से अधिक सदस्य बनाने वालों को सदस्यता शक्ति पुरस्कार, 1000 से ऊपर सदस्य बनाने वालों को सदस्यता दीप और प्रदेश स्तर पर 3000 से ऊपर सदस्य बनाने वालों को सदस्यता श्री, 5000 से ऊपर सदस्य बनाने वालों को सदस्यता गौरव, 10000 से ऊपर सदस्य बनाने वालों को सदस्यता रत्न और 20000 से ऊपर सदस्य बनाने वालों को सदस्यता भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही विधायकों, सांसदों को पृथक से सम्मानित किया जाएगा। भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान को लेकर लगातार कार्य कर रही है। बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल, जिला एवं प्रदेशस्तरीय सदस्यता अभियान का कार्यक्रम लगातार जारी है। सदस्यता अभियान की ऐतिहासिक सफलता को देखते हुए भाजपा संगठन ने निर्णय लिया है कि निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए जिला एवं प्रदेश स्तर पर सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक श्री सिंहदेव ने कहा कि सदस्यता अभियान के इन पुरस्कारों का वितरण जिलास्तर पर प्रभारी मंत्री, सांसद, प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में किया जाएगा। प्रदेशस्तरीय के पुरस्कार का वितरण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की उपस्थिति में प्रदान किया जाएगा। भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक श्री सिंहदेव ने कहा कि भाजपा का यह सदस्यता अभियान 2 सितंबर से प्रारंभ हुआ, जो लगातार अपने लक्ष्य प्राप्ति की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

जिले में धान खरीदी की तैयारी जोरों पर

कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी का कार्य होगा प्रारंभ

राजनांदगांव 12 नवम्बर

जिले में धान खरीदी कार्य की तैयारी जोरों पर है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर 14 नवम्बर 2024 से धान खरीदी कार्य प्रारंभ हो जाएगा। कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो जायेगा। छत्तीसगढ़ देश का इकलौता ऐसा राज्य है, जहां किसानों धान का सर्वाधिक मूल्य मिल रहा है। जिले के किसानों में धान खरीदी को लेकर उत्साह एवं खुशी का माहौल है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशन में धान खरीदी के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी जारी है। धान खरीदी केन्द्रों में मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र में कांटा-बांट, नामतौल, बारदाना, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, रखरखाव, पेयजल, स्वास्थ्य किट, छांव, बायोमेट्रिक डिवाईस मशीन, मानव संसाधन सहित अन्य व्यवस्थाओं सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा उन्होंने आर्द्रतामापी यंत्र से धान की नमी को मापने कहा। उन्होंने खरीदी केन्द्र में धान खरीदी की दर सूची फ्लैक्स लगाने कहा है। उन्होंने अधिकारियों को धान खरीदी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की सतत निरागनी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने धान खरीदी के लिए किसानों को ऑफलाईन एवं टोकन तुंहर दुआर मोबाईल एप से ऑनलाईन टोकन लेने कहा। उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव जिले में कुल धान उपार्जन केन्द्रों की संख्या 96 है। खारीदी केन्द्रों में विपणन संघ द्वारा 1 लाख 50 हजार 669 बारदाना प्रदाय किया गया है। किसानों को भुगतान शाखाओं, एटीएम, माईक्रो एटीएम एवं मोबाईल बैंकिग के माध्यम से की जाएगी। जिले में अब तक कुल 1 लाख 32 हजार 468 किसानों का पंजीयन हुआ है।

संपादकीय

कहीं ऐसा न हो, यह चुनावी फिरकी ही साबित हो जाए

झारखंड में समान नागरिक संहिता जरूर लागू होगी मगर आदिवासी समुदायों की पहचान व विरासत पूरी तरह संरक्षित की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए यह घोषणा की। अमित शाह ने भाजपा के सत्ता में वापस लौटने पर राज्य की प्रत्येक महिला को गोगो योजना के तहत इक्कीस सौ रुपये देने का वादा भी किया। समान नागरिक संहिता को देश भर में लागू करने का वादा 2024 के आम चुनाव में भाजपा पहले ही कर चुकी है जिसमें देश के सभी नागरिकों के लिए समान नियम स्थापित करने का प्रस्ताव है। विवाह, तलाक, विरासत व संपत्ति का अधिकार इसमें शामिल हैं। जनसंघ के काल से ही सभी नागरिकों के लिए समान संहिता की बात उठती रही है जिसे भाजपा ने पिछले कुछ समय से पारिवारिक कानूनों में एकरूपता के नाम पर परिभाषित किया। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत राज्य के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में इसे शामिल किया गया है परंतु इसे जबरन कानून के जरिए लागू नहीं किया जा सकता। यह सिर्फ मार्गदर्शक सिद्धांत है। तमाम विवादों के बाद आदिवासी संस्कृति को इससे अलग करने का दबाव है।शायद इसीलिए आदिवासी इलाकों के मतदाताओं को प्रभावित करने के लोभ में पार्टी को अपने विचार में मुलायमियत दिखानी पड़ रही है। आदिवासियों के वोटों का महत्त्व पार्टी समझ रही है। उन्हें यूसीसी के नाम पर छिटकने नहीं देना चाहती। आदिवासियों की परंपराओं व स्थानीय रीतियों में इस नियम के बाद पाबंदी लगने का भय दिखा कर विपक्ष इस वोट बैंक को अपने पक्ष में करने को लालयित रहा है। शाह के स्पष्टीकरण से उनकी मंशा पर पानी फिर सकता है।विभिन्न धर्मावलंबियों की परंपराएं व रीतियां भिन्न हैं। विपक्षी दल बार-बार यही आरोप लगाते हैं कि सरकार की मंशा उन पर रोक लगाने की है। हालांकि कुछ आदिवासी समुदायों में महिलाओं को पहले ही तमाम अधिकार प्राप्त हैं। इसीलिए भाजपा को अपना कदम पीछे खींचने को मजबूर होना पड़ा।रही बात प्रलोभन देने की तो यह भारतीय राजनीति का प्रमुख अस्त्र है। सरकारें पहले अपनी जिम्मेदारियां निभाने में कोताही करती हैं पर ऐन चुनाव के दौरान उन्हें जनता को होने वाली दिक्कतों का अहसास होता है। सुधारवादी कदम उठाते हुए सरकार को जनता की भावनाओं का ख्याल रखना चाहिए। कहीं ऐसा न हो, यह चुनावी फिरकी ही साबित हो जाए।

चुनावी रेवड़ी या गरीबों की मदद

मुफ्त, मुफ्त, मुफ्त... चुनाव आते ही किसी क्लियरेंस सेल जैसा माहौल बन जाता है। रस्ते का माल सस्ते में की तर्ज पर राजनीतिक पार्टियां वादे पर वादा करती जाती हैं और अब तो ज्यादातर पार्टियां सरकार बनते ही उन वादों को पूरा करने में भी जुट जाती हैं। कई दशक पहले दक्षिणी राज्यों से शुरू हुआ यह सिलसिला अब करीब-करीब पूरे देश में फैल चुका है। चमत्कारी बात यह है कि हरेक पार्टी ऐसे वादे करती है और दूसरे पर उंगली उठाने का कोई मौका भी नहीं चूकती। अभी झारखंड और महाराष्ट्र में चुनाव गर्मी पकड़ ही रहा था कि एक बार फिर यह किस्सा खुल गया। मजे की बात यह है कि इस बार वाद-विवाद की शुरुआत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के एक बयान से हुई और वह भी कांग्रेस की सरकार वाले राज्य कर्नाटक में। खरगे के बयान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लपक लिया और फिर कांग्रेस के नेता भी खुलकर मैदान में उतर गए। शुरुआत इस बात से हुई कि कर्नाटक सरकार महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा देने वाली शक्ति योजना खत्म करने जा रही है। खरगे के सवाल उठाते ही कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने तुरंत उन्हें दुरुस्त किया और कहा कि योजना की समीक्षा की बात हुई है, खत्म करने की नहीं। लेकिन यह बात खुले मंच से हुई, जहां पूरे प्रदेश का मीडिया मौजूद था। खरगे ने एक तरह से राज्य के नेताओं को फटकार लगाई और कहा कि उन्हें ऐसी बातें नहीं कहनी चाहिए, जिनका दूसरी पार्टियां फायदा उठा सकें। साथ ही उन्होंने यह भी कह दिया कि 'राज्य का बजट देखकर ही गारंटी देनी चाहिए। अगर आप बजट से ज्यादा की गारंटी दे देंगे, तो दिवालिया हो जाएंगे। सड़क बनाने के लिए मिट्टी तक नहीं मिलेगी और लोग आपको दोष देंगे।' उनका यह बयान झारखंड व महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए था। उन्होंने साफ कहा कि कांग्रेस राज्यों के बजट का अध्ययन करेगी और उसके हिसाब से ही एलान किया जाएगा कि क्या गारंटी दी जाएंगी। खरगे की इस बात से किसी को क्या ऐतराज हो सकता है? जो भी सुनेगा, यही कहेगा कि समझदारी की बात है, राजनीतिक दलों को ऐसा ही करना चाहिए। मगर राजनीति ऐसे तो चलती नहीं है। बीजेपी ने बात पकड़ ली और खुद प्रधानमंत्री मैदान में आ गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गलत वादे करके बेनकाब हो गई है। इसके साथ ही भाजपा ने सवाल उठाना शुरू कर दिया कि सिद्धरमैया सरकार ने कर्नाटक की माली हालत खस्ता कर दी है और सरकार के पास वादे पूरे करने के लिए पैसे नहीं हैं। हालांकि, कांग्रेस की तरफ से इसका खंडन हो रहा है, लेकिन बाकी देश में यह विवाद छिड़ गया है कि चुनावी वादे जनता की भलाई के लिए हैं या फिर वोट जुटाने के लिए रेवड़ी बांटने की कवायद है? और फिर महाराष्ट्र चुनाव के लिए महाविकास आघाड़ी, यानी कांग्रेस गठबंधन की तरफ से पांच गारंटियों का एलान भी हो गया। खुद राहुल गांधी ने यह एलान किया। इनमें महिलाओं के लिए तीन हजार रुपये महीने का भुगतान और महिलाओं व बच्चियों के लिए मुफ्त बस सेवा देने वाली महालक्ष्मी योजना पहली गारंटी है। दूसरी गारंटी है- किसानों के लिए तीन लाख रुपये तक की कर्जमाफी और कर्ज चुकाने वाले किसानों को पचास हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि। इसे कृषि समृद्धि कहा गया है। तीसरी गारंटी है- राज्य में जातिगत गणना और आरक्षण में पचास प्रतिशत की सीमा खत्म करने का एलान। चौथी गारंटी है- पच्चीस लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा और मुफ्त दवाएं। पांचवां वादा है- बेरोजगार नौजवानों को प्रतिमाह चार हजार रुपये तक की सहायता।

विश्व दयालुता दिवस | ललित गर्ग

अच्छे कार्यों को उजागर करने दयालुता दिवस

विश्व दयालुता दिवस दुनिया के मानव समुदायों में अच्छे कार्यों को उजागर करने के लिए मनाया जाता है, जिसमें सकारात्मक शक्ति, मानवीय संवेदनाओं और दयालुता के सामान्य जीवन-सूत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए इंसान से इंसान को जोड़ने का उपक्रम किया जाता है। दयालुता मानवीय स्थिति का एक मूलभूत हिस्सा है जो जाति, धर्म, नस्ल, राजनीति, लिंग, भाषा, गरीबी-अमीरी और स्थान के विभाजन को पाटती है। आज दुनिया में प्रेम, करुणा, दया एवं उदारता रूपी संवेदनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इनमें दया एवं दयालुता ही ऐसा मानवीय मूल्य है जिस पर मानव की मुस्कान छिपी है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो न केवल दूसरों के प्रति प्रेम जगाता है बल्कि ईश्वर के करीब भी ले जाता है। मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिये प्रतिवर्ष 13 नवंबर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित इस अनूठे एवं अलौकिक दिवस पर समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित किया जाता है।

हिंसा, युद्ध, आतंक, आर्थिक प्रतिस्पर्धा की गलाकाट प्रतियोगिता के दौर में दयालुता ही ऐसा हथियार जो मानव होने के अर्थ को नई ऊंचाई प्रदान करता है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कोई व्यक्ति अपनी दयालुता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है। यह दिन समाज में अच्छी गतिविधियों, सेवा-परोपकार और दयालुता का भाव रखने वालों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो हर मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता एवं मानवीयता की अलख जगाते हुए हमेशा दयालु एवं परोपकारी कार्य करने, हमेशा लोगों की मदद करने, हमेशा अच्छा करने का मौका देता है। यह दिवस न केवल हमारे अंदर बदलाव लाता है बल्कि हमारे आसपास की दुनिया को भी बदल कर जीने लायक बना देता है।

विश्व दयालुता दिवस की शुरूआत 1998 में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। साल 2019 में, इस संगठन को स्विस कानून के तहत एक आधिकारिक एनजीओ के रूप में पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जिनका किसी भी धर्म या राजनीतिक गतिविधियों से कोई संबद्धता नहीं है। इसे 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन, राष्ट्रों की दयालुता वाले गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा पेश किया गया था। यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। सिंगापुर ने पहली बार 2009 में यह दिन मनाया। इटली और भारत में भी यह दिन मनाया जाता है। यूके में, इसका नेतृत्व डेविड जेमिली ने किया, जिन्होंने लुईस बर्फिट-डॉन्स के साथ काइंडनेस डे यूके की सह-स्थापना की।

ह्यहम जैसे भी है, अपने आप में बेहतरीन है और हमारी बेहतरी इसी में है कि हम दुनिया को बेहतर बनायेह्न- यही भावना आत्मसम्मान और विश्वास जगाएं और अपने गुण-दोषों का आंकलन करें। वास्तव में दया की भावना ही वास्तविक धर्म है। दलाई लामा ने कहा कि ह्लमैं इस आसान धर्म में विश्वास रखता हूं। मन्दिरों की कोई आवश्यकता नहीं, जटिल दर्शनशास्त्र की कोई आवश्यकता नहीं। हमारा मस्तिष्क, हमारा हृदय ही हमारा मन्दिर है, और दयालुता जीवन-दर्शन है ह्व इस दुनिया में दया से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि यह सच है कि जघन्य अपराधों, आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, मिलावट, नारी शोषण एवं उत्पीड़न की गतिविधियों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दयालुता अभी भी मौजूद है और दुनिया पर राज कर रही है। किसी ने एक बार कहा था कि ह्यदया उन लोगों को आशा दे रही है जो सोचते हैं कि वे इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि हम दयालुता की बात क्यों कर रहे हैं? क्योंकि दयालुता की भावना ही यह परिभाषित करती है कि व्यक्ति अच्छा है या बुरा। एक व्यक्ति में यह गुण अवश्य होना चाहिए क्योंकि दूसरों के साथ व्यवहार करने का यही एकमात्र सही एवं प्रभावी तरीका है, जो सीधा मनुष्य के दिल को छूता है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो दयालुता का कोई भी कार्य करने के बाद अच्छा महसूस करते हैं, तो आप समझते हैं कि वास्तव में दयालुता क्या है! 1990 के दशक के मध्य में, लघु दयालुता आंदोलन ने दुनिया भर से प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया और अपने-अपने देशों में शुरू किए गए दयालुता आंदोलनों के बारे में अपनी कहानियाँ साझा कीं। सम्मेलन सफल रहा और दूसरा सम्मेलन 1997 में आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों ने विश्व दयालुता आंदोलन को बल मिला।

विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही, यह दिन एक अनुस्मारक प्रदान करता है कि दयालुता के गुण में एक साथ रहने और एक दयालु दुनिया बनाने की शक्ति है जहां सभी लोग एक साथ काम कर सकते हैं, समानतापूर्वक एक साथ रह सकते है। इसमें कोई शक नहीं कि इसे समझना आसान नहीं है लेकिन एक छोटा सा कार्य भी बदलाव ला सकता है। आज एक दयालु दुनिया को निर्मित करने की ज्यादा अपेक्षा है, जिसके नागरिकों में समानुभूति हो, सुनने का अच्छा कौशल हो, सामाजिक सहयोग की भावना हो एवं दान करने की प्रवृत्ति हो। उदारता, परोपकार, मदद की वृत्ति, विनम्रता की भावना से दुनिया को अधिक मानवीय बनाय जा सकता है। इसी एक भाव में दुनिया की जटिल समस्याओं के समाधान निहित है, चाहे वह युद्ध हो, हिंसा हो, भूख हो, गरीबी हो, अभाव हो, पीड़ा एवं परेशानी हो। खलील जिब्रान ने कहा भी है कि दया बर्फ की तरह है, यह जिस चीज को ढक लेती है उसे सुंदर बना देती है।

विश्व दयालुता दिवस हमें यह विश्वास करने के लिए भी प्रेरित करता है कि दयालुता का एक कार्य हमारे बीच, समाज में और समुदाय में वैश्विक परिवर्तन ला सकता है। यह एक ऐसा गुण है जिसे मिलनसार, उदार और विचारशील होने के रूप में परिभाषित किया गया है। दयालुता से संबंधित शब्द स्नेह, गर्मजोशी, नम्रता, चिंता, देखभाल आदि हैं। दयालु होने के लिए साहस और शक्ति की आवश्यकता होती है। यह एक पारस्परिक कौशल एवं मानवीय संवेदना है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले में ग्रेटर गुड साइंस सेंटर ने लिखा है कि कैसे दयालुता आपको खुश करती है और खुशी आपको दयालु बनाती है। वे एक अध्ययन के परिणामों का हवाला देते हैं जो दयालुता और खुशी के बीच एक ह्यसकारात्मक प्रतिक्रिया पाशह्न का सुझाव देते हैं, जिसमें एक दूसरे को प्रोत्साहित करता है।

दयालुता को शारीरिक और भावनात्मक लाभों की समृद्धि से जोड़ता है। दयालु होने से तनाव हार्मोन का स्तर कम होता है और लोग कम उदास, कम अकेले और कुल मिलाकर खुश रहते हैं। कुल मिलाकर ह्यखुशी को चुननाह्न याद रखें। दयालुता दूसरे की सफलता का जश्न मनाने और जरूरत पड़ने पर किसी जरूरतमंद, अभावग्रस्त एवं पीड़ित व्यक्ति की मदद करने की इच्छा की अभिव्यक्ति का माध्यम है। यह एक अलौकिक मानवीय गुण है जो हमें मुस्कानों से भरकर ताजा एवं ईश्वरतुल्य बना देता है। इसीलिये दयालुता पवित्र आभामंडल के ऊध्वारोहण का संवाहक है। आज जरूरत ऐसे दयालु चरित्रवाल व्यक्तियों की है जो प्रेम, संवेदनशीलता एवं सदाचार की फसल उगा सके। भीड़ में उभरते हुए ऐसे दयालु व्यक्तित्व ही वार्तमानिक समस्याओं का रचनात्मक समाधान देने में सक्षम हो सकते हैं। नये सोच के साथ नये रास्तों पर फिर एक बार उस सफर की शुरूआत करें जिसकी गतिशीलता जीवन-मूल्यों को फौलादी सुरक्षा दे सके।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी पर आंख बंद करके भरोसा करने से बचना होगा, क्योंकि वह आपके भरोसे को तोड़ सकता है। सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, जिससे आपकी साख चारो ओर फैलेगी। आपको व्यवसाय में भी अच्छा लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव रहेंगे। आप किसी से कोई ऐसी बात ना बोले, जिससे कि उन्हें कोई बात बुरी लगे।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके मन में कुछ नकारात्मक विचार रहेंगे, जिन्हें आप दूसरों के सामने न लाएं। आपको किसी बेवजह के काम को लेकर टेंशन रहेगी। बिजनेस में कुछ रुकावटें आएंगी, जिससे आपको परेशानी आएंगी। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने कामों को लेकर लापरवाही नहीं दिखानी है,नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए प्रॉपर्टी के मामले में अच्छा रहने वाला है। आप कामों में व्यस्त रहने के कारण अपनी पारिवारिक समस्याओं पर ध्यान थोड़ा कम देंगे। किसी लड़ाई-झगड़े में आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की आवश्यकता है। आपके मित्रों की संख्या में इजाफा होगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपकी संतान आपसे किसी बात को लेकर विचार-विमर्श कर सकती है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए किसी लंबे समय से रुके हुए काम को पूरा करने के लिए रहेगा। आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी। आपके कार्यक्षेत्र में मन मुताबिक काम मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपने घर की रंगाई पुताई पर भी अच्छा खासा धन खर्च करेंगे। आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपकी खटपट होने की संभावना है, इसलिए कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोले।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपनी सेहत पर ध्यान देने की आवश्यकता है और खुद को सेहतमंद रखने की कोशिश करें। आप एक हेल्थी डाइट फॉलो करें। आपको यदि कोई कामों को लेकर टेंशन थी, तो उसके लिए आप अपने भाइयों से बातचीत कर सकते हैं। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। परिवार में एकाग्रता बनी रहेगी। कोई मांगलिक कार्यक्रम होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए प्रॉपर्टी के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपके मन में खुशहाली रहेगी। आपको किसी नई प्रॉपर्टी की प्राप्ति हो सकती है। आपको फोन कॉल के जरिए कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और आपकी मन की इच्छा पूरी होने से आप अपने घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं। आपको अपनी संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा। आप किसी प्रकार का कोई रिस्क लेने से बचें।

तुला- आज का दिन आपके लिए आर्थिक मामलों में अनुकूल रहने वाला है। आपकी पद-प्रतिष्ठा बढेगी। यदि आपको काम को लेकर कोई समस्या चल रही थी, तो उसका समाधान भी आप आसानी से खोजने में कामयाब रहेंगे। आप दिखावे के चक्कर में ना पड़ें। नौकरी में कार्यरत लोग अपने कामों के प्रति समर्पित नजर आएंगे। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेने की आवश्यकता है। आप अपनी जरूरत की वस्तुओं की खरीदारी करें और अपने भविष्य को लेकर धन संचय करने के बारे में सोचें।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। लंबे समय से यदि कोई समस्या चली आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आपके मन में कामों को लेकर उधल-पुथल बनी रहेगी। राजनीति में कार्यरत लोग अपने कामों से एक नई पहचान बनाएंगे। आपको अपने कामों को लेकर प्लानिंग करके आगे बढ़ना होगा। आप किसी सहयोगी से कोई मन की बात कह सकते हैं। यदि कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें शांत रहें।

धनु- आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला रहेगा। आपके अंदर एक नई ऊर्जा विराजमान रहेगी जिससे आपको खुशी होगी। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन अच्छा रहेगा लेकिन आपको बेफिजूल के खर्च करने से बचना होगा और दिखावे के चक्कर में ना आए नहीं तो आपका काफी धन खर्च हो जाएगा। आपकी कोई खास डील फाइनल होते-होते अटक सकती है आपको अपनी किसी गलती को कार्यक्षेत्र में दोहराने से बचना होगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपके घर किसी मेहमान का आगमन हो सकता है। संतान की ओर से आपको कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। आप अपने रोजमर्रा के कामों को कल पर टालने से बचें। जो जातक नौकरी की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं, उन्हें कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती हैं। आप अपने जीवनसाथी से कोई बात गुप्त रखें, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती हैं। आपकी तरक्की में आ रही बाधा दूर होगी।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। व्यावसायिक गतिविधियों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। व्यावसायिक मामलों में आप कोई निर्णय बहुत ही सोच विचारकर लें। आपका कोई पुराना जमीन-जायदाद से संबंधित मामला सुलझ सकता है। साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको अपनी दिनचर्या को बेहतर रखना होगा।

मीन- आज का दिन आपके लिए समस्याओं भरा रहने वाला है। आपको किसी प्रॉपर्टी से संबंधित मामले को लेकर भागदौड़ करनी होगी, तभी कोई फैसला आपके पक्ष में आ सकता है और कोई काम रुका हुआ था, तो वह भी पूरा होगा। रचनात्मक कार्य में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपके मित्र आपके कामों में पूरा साथ देंगे। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर जिम्मेदारियां अधिक रहेगी, जिनको लेकर आपको घबराने की आवश्यकता नहीं है। जीवनसाथी को नई नौकरी के मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

एक ओंकार अर्थात् परमात्मा एक है - इंसानियत से बढ़कर कोई धर्म नहीं

सुखबीर सिंह सिंघोत्रा

श्री गुरु नानक देव जी की जीवनी, उद्देश्य, मानवता के प्रति योगदान और प्रकाश पर्व की महिमा, श्री गुरु नानक देव जी ने संपूर्ण मानवता को प्रेम, सेवा, समानता और एकता का संदेश दिया, उनके विचार का मूल तत्व ₹एक ओंकार₹ जिसका अर्थ है ₹परमात्मा एक है।₹ उन्होंने जात-पात, ऊँच-नीच, धर्म, और वर्ग के भेदभाव को मिटाने पर जोर दिया।श्री गुरु नानक देव जी (1469-1539) सिख धर्म के संस्थापक और पहले गुरु थे, जिन्होंने अपनी शिक्षा और विचारों के माध्यम से संपूर्ण मानवता को प्रेम, सेवा, समानता और एकता का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएँ और जीवन दर्शन न केवल सिख धर्म के अनुयायियों बल्कि दुनिया के सभी लोगों के लिए एक प्रेरणा बने हुए हैं। गुरु नानक जी ने अपने समय की सामाजिक और धार्मिक विषमताओं को मिटाने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए, जिनका प्रभाव आज भी विश्व के कोने-कोने में महसूस किया जाता है।

प्रारंभिक जीवन-श्री गुरु नानक देव जी का जन्म 15 अप्रैल, 1469 को रावी नदी के तट पर स्थित तलवंडी नामक स्थान पर हुआ था, जो अब पाकिस्तान के ननकाना साहिब में है। उनके पिता का नाम मेहता कालू जी और माता का नाम तृप्ता जी था। गुरु नानक जी का बचपन से ही आध्यात्मिकता की ओर झुकाव था और वे साधारण जीवन में भी असाधारण ज्ञान और विवेक के धनी थे। बचपन में ही उन्होंने समाज में फैली असमानता, धार्मिक कट्टरता, अंधविश्वासों के प्रति अपनी असहमति व्यक्त करना शुरू कर दिया था।

श्री गुरु नानक जी का प्रमुख उद्देश्य-श्री गुरु नानक देव जी का प्रमुख उद्देश्य मनुष्य को मनुष्यता के मार्ग पर चलाना था। उनके अनुसार ईश्वर एक है और सभी प्राणी उसके ही अंश हैं। उनके विचार का मूल तत्व ₹एक ओंकार₹ में समाहित है, जिसका अर्थ है ₹परमात्मा एक है।₹ उन्होंने जात-पात, ऊँच-नीच, धर्म, और वर्ग के भेदभाव को मिटाने पर जोर दिया। गुरु नानक जी का मानना था कि ईश्वर के सच्चे उपासक वही हैं जो परोपकार, प्रेम, करुणा और सेवा में विश्वास रखते हैं।

मानवता के प्रति योगदान-श्री गुरु नानक देव जी ने समाज में सुधार लाने के लिए कई यात्राएँ कीं, जिन्हें ₹उदासियाँ₹ कहा जाता है। इन उदासियों के माध्यम से उन्होंने भारत, अफगानिस्तान, अरब, तिब्बत और श्रीलंका जैसे विभिन्न देशों में जाकर अपने विचारों का प्रचार किया। उन्होंने लोगों को सत्य, धर्म, और करुणा के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। उनके कार्यों ने समाज में गहरे बदलाव लाए और लोगों में आत्म-सुधार और एकता की भावना जागृत की।

1. **लंगर प्रथा** : श्रीगुरु नानक जी ने ₹लंगर₹ की परंपरा शुरू की, जिसका उद्देश्य था सभी को समानता और एकता के भाव में जोड़ना। इसमें बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों को भोजन कराया जाता था, जो आज भी सभी गुरुद्वारों में चल रहा है।

2. **समानता और भेदभाव के विरोधी**: गुरु नानक देव जी ने अपनी शिक्षाओं से महिलाओं के प्रति सम्मान का प्रचार किया और जात-पात के भेदभाव का कड़ा विरोध किया। वे कहते थे कि ईश्वर के सामने सभी एक समान हैं, चाहे वे किसी भी जाति या धर्म के हों।

3. **सत्य का मार्ग**- गुरु नानक जी ने ईश्वर के प्रति प्रेम और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। वे बाहरी आडंबरों के बजाय अंतःकरण की शुद्धता पर विश्वास करते थे। उनके उपदेशों में हमेशा सत्य को ही सर्वोपरि माना गया।

देश-दुनिया में योगदान और उनके अनुयायियों की भावनाएँ-श्री गुरु नानक देव जी की शिक्षाएँ और उनके सिद्धांत सिख धर्म के मूल स्तंभ बन गए। उन्होंने ₹नाम जपो, किरत करो, वंड छको₹ का मंत्र दिया, जो आज भी सिख धर्म के अनुयायी मानते हैं। उनके विचारों ने न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में धर्म और मानवता के प्रति एक नई दिशा प्रदान की। गुरु नानक जी के अनुयायियों के लिए उनका जीवन एक प्रेरणा है, और वे उनकी शिक्षाओं का पालन करके सेवा और सद्भाव के मार्ग पर चलने का प्रयास करते हैं।

प्रकाश पर्व-श्री गुरु नानक देव जी के जन्म दिवस को ₹गुरु नानक जयंती₹ के रूप में मनाया जाता है, जिसे ₹प्रकाश पर्व₹ भी कहा जाता है। यह सिख धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है, जिसे पूरे विश्व में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस दिन गुरुद्वारों में विशेष रूप से ₹अखंड पाठ₹ किया जाता है और गुरु का ₹लंगर₹ आयोजित होता है। इसके अलावा, प्रभात फेरियाँ निकाली जाती हैं और ₹शबद कीर्तन₹ किया जाता है, जिसमें श्री गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं का गायन होता है। प्रकाश पर्व के दिन, सिख समुदाय के लोग विशेष सजावट करते हैं और दीयों से गुरुद्वारों और अपने घरों को सजाते हैं। यह त्योहार न केवल धार्मिक आयोजन है बल्कि एक सांस्कृतिक उत्सव भी है, जो सभी लोगों को एकता, प्रेम और मानवता के मूल्यों का स्मरण कराता है।

निष्कर्ष -श्री गुरु नानक देव जी का जीवन और उनके उपदेश हमें सिखाते हैं कि इंसानियत से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। उनकी शिक्षाएँ हमें अपने भीतर प्रेम, शांति, और सेवा के भाव को विकसित करने के लिए प्रेरित करती हैं। श्री गुरु नानक देव जी के योगदान और उनके विचारों की प्रासंगिकता आज भी उतनी ही है जितनी उनके समय में थी। उन्होंने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि एक सच्चा गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देता, बल्कि अपनी शिक्षाओं को अपने आचरण में जीता भी है। उनके द्वारा शुरू की गई लंगर परंपरा, जात-पात और ऊँच-नीच का भेदभाव मिटाने का प्रयास, और विश्व भर में उनके अनुयायियों की निस्वार्थ सेवा का भाव यह दशार्ते हैं कि श्री गुरु नानक देव जी का संदेश आज भी मानवता को एक नई दिशा प्रदान कर रहा है।

तकनीक | प्रियंका सौरभ

कृषि में महिलाओं को सशक्त बनाती नमो ड्रोन दीदी योजना

नमो ड्रोन दीदी सटीक कृषि और संसाधन अनुकूलन में योगदान दे सकती है। भारत का कृषि क्षेत्र प्रौद्योगिकी-आधारित समाधानों के एकीकरण के साथ परिवर्तन के शिखर पर है। ड्रोन प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करने वाली नमो ड्रोन दीदी जैसी योजनाएँ सटीक कृषि और संसाधन अनुकूलन के माध्यम से खेती को आधुनिक बनाने की क्षमता प्रदान करती हैं, जो कृषि में प्रमुख चुनौतियों का समाधान करती हैं। ड्रोन उर्वरकों और कीटनाशकों के सटीक अनुप्रयोग को सक्षम करते हैं, अपव्यय को कम करते हैं और समान वितरण सुनिश्चित करते हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत ड्रोन रासायनिक उपयोग में 30% तक की कमी सुनिश्चित करते हैं। ड्रोन फसलों की वास्तविक समय की निगरानी की अनुमति देते हैं, फसल के स्वास्थ्य, मिट्टी की स्थिति और समय पर हस्तक्षेप के लिए प्रारंभिक रोग का पता लगाने पर डेटा प्रदान करते हैं। आंध्र प्रदेश में, ड्रोन ने कीटों के हमलों का समय पर पता लगाने के कारण फसल के नुकसान को 20% तक कम करने में मदद की। ड्रोन फसल के विकास पैटर्न, मिट्टी के स्वास्थ्य और उपज के अनुमान पर सटीक डेटा प्रदान करते हैं, जिससे खेत प्रबंधन और निर्णय लेने में सुधार होता है। वैश्विक स्तर पर, ड्रोन तकनीक ने कृषि सहित कई उद्योगों में क्रांति ला दी है। भारत में, ड्रोन में अपार संभावनाएं हैं: वे बड़े क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर सकते हैं, फसलों की निगरानी कर सकते हैं, बीमारियों या कीटों का पहले से पता लगा सकते हैं, और कीटनाशकों और उर्वरकों के सटीक उपयोग की सुविधा प्रदान कर सकते हैं। यह सटीक खेती का तरीका पारंपरिक खेती के तरीकों से जुड़ी लागत और बबार्दी को कम करते हुए फसल की पैदावार को बढ़ाता है। लांकि, भारतीय कृषि में ड्रोन को अपनाना धीमा रहा है। उच्च लागत, सीमित जागरूकता और ग्रामीण क्षेत्रों में अपर्याप्त तकनीकी बुनियादी ढांचे ने व्यापक कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न की है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, नमो ड्रोन दीदी योजना न केवल ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देती है

> नमो ड्रोन दीदी योजना, पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान क्षेत्रों में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने का एक अग्रणी प्रयास है। यह पहल महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान करती है, जिससे वे ड्रोन संचालित करने और स्थानीय किसानों को आवश्यक कृषि सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम हो जाती हैं। कृषि आधुनिकीकरण के साथ महिला सशक्तिकरण को जोड़कर, यह योजना सामाजिक प्रगति और आर्थिक विकास दोनों को बढ़ावा देती है। इस योजना में भाग लेने वाली महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों में संगठित किया जाता है,

बल्कि ग

एक नजर

आश्रम शालाओं का निरीक्षण

सुकमा 12 नवंबर। जिले के स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति और शाला संचालन की स्थिति की गहन जांच की जा रही है। इसी क्रम में डीईओ जीआर मंडावी ने दोरनापाल और पोलमपल्ली क्षेत्रों में स्थित आश्रम शालाओं और अन्य शालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला पोलमपल्ली में प्रधान अध्यापिका श्रीमती पुष्पलता भारती और सहायक शिक्षक संतोष कुमार यादव, तथा बालक आश्रम नागाराम में श्रीमती भगवती सिंह अनुपस्थित पाए गए। इनको स्पष्टीकरण नोटिस जारी करते हुए संबंधित डीईओ. को इनके वेतन कटौती के निर्देश दिए हैं। सभी शैक्षणिक संस्थानों को आगामी परख परीक्षा की तैयारी के तहत बच्चों को एमआर सीट का नियमित अभ्यास जवाब दें कराने का निर्देश भी दिए गए हैं।

पुलिस मुखबिरी के आरोप में नकसलियों ने की ग्रामीण की हत्या

बीजापुर 12 नवंबर। थाना जांगला क्षेत्र अंतर्गत पोटेनार के जंगल मे नकसलियों द्वारा जन अदालत लगाकर माटवाडा निवासी माडवी.दुलारू की पुलिस मुखबिरी के आरोप मे बीते.11 नंवबर को हत्या कर दी है इस सूचना पर जागंला थाना से पुलिस टीम घटना स्थल के लिए रवाना की गई हैं।

जिले के कुल 79 धान उपार्जन केन्द्रों में होगी धान खरीदी

जगदलपुर 12 नवम्बर। जिले में धान खरीदी कार्य की तैयारी जोरों पर है। शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 14 नवम्बर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक किया जाना है। कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशन में धान खरीदी के लिए तैयारी जारी है। जिला स्तरीय अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों में मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर श्री हरिस ने धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होने देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र में कांटा-बांट, नामतौल, बारदाना, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, रखरखाव, पेयजल, स्वास्थ्य किट, छांव, बायोमेट्रिक डिवाईस मशीन, मानव संसाधन सहित अन्य व्यवस्थाओं सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा उन्होंने आर्द्रतामापी यंत्र से धान की नमी को मापने कहा। उन्होंने खरीदी केन्द्र में धान खरीदी की दर सूची फ्लैक्स लगाने कहा है। उन्होंने अधिकारियों को धान खरीदी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की सतत निरागनी रखने तथा कोचियों एवं बिचैलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने धान खरीदी के लिए किसानों को ऑफलाईन एवं टोकन तुंहर दुआर मोबाईल एप से ऑनलाईन टोकन लेने कहा। उल्लेखनीय है कि बस्तर जिले में 79 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से खरीदी की जाएगी है। खरीदी केन्द्रों में विपणन संघ द्वारा लगभग 11853 गठान बारदाना प्रदाय किया गया है। जिले में अब तक कुल पंजीकृत किसान 53034 है जिसमें नए पंजीकृत किसान 2408 है। जिले में धान खरीदी के लिए किसानों में बहुत उत्साह है। नए किसानों ने समर्थन मूल्य में धान बेचने के लिए पंजीयन करवाने की बात कहते हुए सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी करने से किसानों में खुशी है।

14 नवम्बर से 31 जनवरी एक होगी धान खरीदी

जगदलपुर 12 नवम्बर। जिले में धान खरीदी कार्य की तैयारी जोरों पर है। शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 14 नवम्बर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक किया जाना है। कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशन में धान खरीदी के लिए तैयारी जारी है। जिला स्तरीय अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों में मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर श्री हरिस ने धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होने देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र में कांटा-बांट, नामतौल, बारदाना, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, रखरखाव, पेयजल, स्वास्थ्य किट, छांव, बायोमेट्रिक डिवाईस मशीन, मानव संसाधन सहित अन्य व्यवस्थाओं सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा उन्होंने आर्द्रतामापी यंत्र से धान की नमी को मापने कहा। उन्होंने खरीदी केन्द्र में धान खरीदी की दर सूची फ्लैक्स लगाने कहा है। उन्होंने अधिकारियों को धान खरीदी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की सतत निरागनी रखने तथा कोचियों एवं बिचैलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है।

प्रशासनिक निष्क्रियता के चलते महत्वाकांक्षी योजनाओं से ग्रामीण वंचित

- **नक्सलवाद का बहाना बनाकर फल - फूल रहे अधिकारी कर्मचारी,बदतर हो रहा ग्रामीण आदिवासियों का जीवन**

सुकमा 12 नवंबर। सुकमा जिले सीमावर्ती क्षेत्र में जाँच टीम पहुंची। हम आज फिर एक बार बात कर रहे है सुकमा जिले के कोंटा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत गुमोड़ी एवं उसके आश्रित पंचायतो मे हुई भ्रष्टाचार वं प्रशासनिक लूटखसोट की। हम बात करेंगे प्रशासनिक निष्क्रियता के कारण केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा संचालित, मूलभुत और महत्वकांक्षी योजनाओं से ग्रामीणों के वंचित रह जाने की।

गुमोड़ी पंचायत मे हुई करोडो रूपये के तालाब निर्माण के भ्रष्टाचार, मूलभुत राशि, 14 वे - 15 वे वित्त का गबन से जुड़े जाँच टीम ने इससे पहले भी प्रमुखता से सामने लाये थे। जिस पर जिला प्रशासन ने छः माह से अधिक समय हो चुके जाँच के आदेश भी जारी कर दिए थे। किन्तु परिणाम अब तक शून्य है। लगातार दवाव और खबरे प्रकाशित होने के कारण बीते दिन प्रशासन की अंतरात्मा जागी और पुनः एक जांच दल गुमोड़ी के आश्रित गाँव पोरो हिरमा पहुंची। जहां गुमोड़ी व उसके आश्रित गांव के ग्रामीण इकठ्ठा हुए थे। पोरो हिरमा पहुंचने के बाद एक और दर्दनाक कहानी सामने आया। इस गांव मे स्कूल नहीं है, आंगनबाडी नहीं है, चिकित्सा के लिए 15 से 20 द्मद्व पहाड़ पार पैदल जाना पड़ता है, बिजली नहीं है, पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है, बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित है। स्कूल नहीं है किन्तु स्कूल मरम्मत के लिए पैसो का आहरण लगातार हो रहा है, पंचो का मानदेय, वृद्धा पेंशन का आहरण तो लगातार हो रहा है किन्तु बीते दस वर्षो से किसी भी पंच को उनका मानदेय राशि नहीं मिला। 15 वे वित्त से दो दर्जन से अधिक बोरिंग निर्माण कागजो मे बताया गया किन्तु आधे भी नहीं दिखे। और जो दिखे उनमे से आधे से ज्यादा ख़राब पड़े है। यहाँ तालाब निर्माण मे जमकर भ्रष्टाचार हुवा है। ये सब बाते ग्रामीण स्व-स्फूर्त बयान करते रहे। इन ग्रामीणों को केंद्र की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास, शौचालय की आवश्यकता है और मांग भी है, किन्तु जिम्मेदारो ने कभी ध्यान नहीं दिया। बड़ी मजेदार बात यह भी हैँ की ग्राम पंचायत मे कोई भवन नहीं है किन्तु हार्डवेयर से रॉड, सीमेंट, छड़ व सीट के नाम से लाखों का भुगतान हुवा है, और जिम्मेदारो ने कभी धरातल मे जाकर वास्तविकता जानने की दरकार भी नहीं समझें। लेकिन एक सुकून की बात यह जरूर है की, ग्रामीणों ने आज खुलकर जाँच अधिकारी के सामने अपने पीड़ा को बताये। अब ये देखना बाकी है की अब भी जिला प्रशासन के कानो मे जू रेंगता है या नहीं। क्या अब भी प्रशासन अपने दोषी कर्मचारियों को बचाने के लिए कोई पैतरा अपनाता है और ग्राम पंचायत में राह रहे आदिवासी ग्रामीणों को उनके हाल मे मरने के लिए छोड़ देते है।

नगर में तुलसी पूजा के लिए जमकर हुई गन्ने व पूजा सामग्रियों की बिक्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 12 नवंबर। देवउठनी ग्यारस एवं देवोत्थान एकादशी पर्व आज मनाया जाएगा जिसकी तैयारी जोर शोर से हो रही है। आज शाम गोधुनी बेला में माता तुलसी व भगवान शालिग्राम का विवाह रस्म होगा। तुलसी माता की पूजा आरती होगी। चार माह की क्षीर निद्रा के बाद आज नारायण हरि विष्णु जागेंगे। इसलिए इस पर्व को देवउठनी एकादशी कहा गया है। पर्व को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्सा है। बाजारों में एक बार फिर से दीपावली जैसा माहौल दिखाई पड़ा रहा है। तुलसी विवाह एवं पूजा के लिए बड़ी संख्या में लोग बाजारों में गन्ना खरीद रहे हैं। नगर के बाजारों में बड़ी तादात में गन्ने का खेप बिक्री के लिए लाया गया है। गन्ना के अलावा फूल, फल, लाई, दिया व अन्य पूजा सामाग्री से भी मार्केट अटा पड़ा है। लोग जमकर पूजा पाठ की सामाग्री खरीदी करते देखे जा रहे हैं। आज शाम को लोग अपने अपने घरों के आंगन में स्थापित तुलसी चौरों में गन्ने का मंडप सजाकर विधिवत तुलसी विवाह रस्म की अदायगी कर भगवान श्रीहरि विष्णु की पूजा करेंगे। दीपावली लक्ष्मी पूजन के ठीक ग्यारहवें दिन मनाया जाने वाला पर्व देव उठनी एकादशी तुलसी विवाह आज मनाया जा रहा है। मान्यता अनुसार एकादशी को भगवान विष्णु स्वरूप शालिग्राम व माता तुलसी का विवाह हुआ था। एकादशी के अवसर पर आज सुबह से ही बाजारों में रौनक रही। लोग सुबह सुबह बाजार पहूंच गन्ने खरीदते नजर आए। बाजारों में लोहंडीगुडा क्षेत्र से बड़ी तादात में हर वर्ष गन्ना का खेप बिक्री के लिए दंतेवाड़ा पहुंचता है। इस बार भी लोहण्डीगुडा के गन्ने से ही नगरवासी तुलसी विवाह पूजा सम्पन्न करेंगे। देव उठनी एकादशी पर्व को तुलसी विवाह के नाम से भी जाना जाता है। चार माह की क्षीर निद्रा से सोकर आज ही के दिन समस्त देवगण जागते हैं इसलिए इस पर्व को देवोत्थान एकादशी भी कहा जाता है। इस दिन लोग दीवाली की तरह अपने घरों को सजाते संवारते हैं। एकादशी के अवसर पर सायं को घर के आंगन में बने तुलसी चौरों को साफ पानी से धोया जाएगा और चौरों के चारों ओर गोबर से लिपाई कर सुंदर आकर्षक रंगोली बनाई जाएगी। तुलसी चौरों के चारों ओर शाम को चार गन्नों को रखकर मंडप सजाया जाएगा। घी के दिए जलाकर तुलसी माता को सुहाग सामग्री चूड़ी, बिन्दी तथा आलता चढ़ाकर शकरकंद, गन्ना, पत्तेदार अदरख, बेर, केला, बेल पत्ता, गेंदे का फूल, नया धान, चना भाजी, संतरा, सेब, केला, सीताफल, आंवला आदि अर्पित कर विधि विधान से माता तुलसी की पूजा आरती की जाएगी। बता दें कि तुलसी विवाह आयोजन पश्चात विवाह समेत सभी मांगलिक पवित्र कार्य भी आज से आरंभ हो जाते हैं।

तिलहन फसलों का कृषि वैज्ञानिकों ने किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 12 नवंबर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय,रायपुर कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा द्वारा नेशनल फूड सिक्योरिटी मिशन अंतर्गत समुह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के तहत् सुकमा जिले में तिलहनी फसलों का प्रदर्शन लगाया गया हैं। केन्द्र के समुह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के प्रभारी पौध रोग विशेषज्ञ श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, कृषि अभियांत्रिकी विशेषज्ञ डॉ.परमानंद साहू ने बताया कि सुकमा जिले में तिलहनी फसलों की रकबा द्वारा अपने विस्तार हेतु तिल का 50 हेक्टेयर में किसानों के खेत में प्रदर्शन लगाया गया है। जिसका उपयोग किसान द्वारा इसका घरेलू उपयोग के साथ-साथ इसे बाजार में बिक्री कर आमदनी बढ़ाया जा सके। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर से आये वैज्ञानिक डॉ.जी.पी.आयाम, डॉ.एन.सी.मंडावी एवं डॉ.एन.नाग ने छिन्दगढ. विकासखण्ड के गांव धोबनपाल में 50 एकड़ में प्रदर्शित तिल फसल का अवलोकन किये एवं कृषकों से सीधे संवाद भी किये।

कृषकों द्वारा फसल उत्पादन का बढ़ावार हेतु सवाल किये जिसमें डॉ.आयाम ने बताया कि तिल की फसलों में डीएपी के बजाय सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग करें जिससे अधिक उपज प्राप्त होवे। किसानों को सुझाया कि कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों का सलाह माने और अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें। फसल निरीक्षण के दौरान डॉ.मंडावी ने किसानों को सलाह दी कि वे तिलहन फसल में मूंगफली की फसल को भी शामिल करें। चूंकि यहां की मिट्टी मूंगफली के लिए उपयुक्त है जिसका बाजार मुल्य भी बाकि तिलहन फसलों की अपेक्षा अधिक प्राप्त होता हैं जिससे किसानों की आमदनी में अपेक्षाकृत बढ़ोत्तरी हो सके।

मुख्यमंत्री के नाम मोदी की गारंटी पूरा करने दिया ज्ञापन

सुकमा 12 नवंबर। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर पूर्व सेवा गणना मिशन अभियान के अन्तर्गत 11 नवंबर 2024 को सुकमा ब्लॉक के शिक्षकों ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी सुकमा श्री सुखराम देवांगन को शिक्षकों के लिए मोदी की गारंटी को लागू करने, वेतन विसंगति दूर करने,पूर्व सेवा गणना कर क्रमोन्नति,समयमान, पुरानी पेंशन देने व देय तिथि से एरियर्स सहित डीए आदि मांगों के लिए मुख्यमंत्री एवं अन्य विभागीय मंत्रियों एवं अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालो में मुख्य रूप से निम्न शिक्षक शामिल रहे। जिसमें प्रांतीय पदाधिकारी,उमेन्द्र सिंह गोटी, राजेश कुमार यादव,जिला संचालक आशीष राम, जिला संचालक धीरेंद्र मांझी के मार्गदर्शन में ब्लाक संचालक सुकमा राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा,ब्लॉक संचालक सुकमा रामसिंह नायक , एवम किरण मरकाम अनुपमा नाग ,गंगा धर राणा, गंवर सिंह कुंजाम ,अलबर्ट टोप्पो, आकाश कनोजिया ,वैशाली झंवर ,परिणीता कश्यप, रामशरण विश्वकर्मा, सोमला राम नायक,लीलाधर साहू,अनुपम राज मसीह ,रूपेश समरथ,लखन लाल जुर्री,जूही साक्षी कुजूर सपना सामंत ,रामभुवन नेताम नागेश राव,राखी टावरी,रेणु पिपरिया ,सुनील नुप्पो मिडियामी हांदा,मेघराज ठाकुर मालती दर्रू,ललित ठाकुर हरीनारायण साहू, हपका राम बाबू,सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि चैतराम अटामी ने राज्योत्सव में उद्यानिकी प्रदर्शनी का किया अवलोकन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 12 नवंबर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की 24वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला मुख्यालय मिनी स्टेडियम सुकमा में आयोजित एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में उद्यान विभाग द्वारा जिले में चल रहे राज्य एवं केन्द्रीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने हेतु छायाचित्र के माध्यम से प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही जिले में नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल पॉम मेगा ड्राईव प्लांटेशन कार्य को प्रमुक्ता से प्रदर्शित करने हेतु ऑयल पॉम पौधा के साथ ताजे फल के गुच्छा को भी प्रदर्शनी में लगाया गया जिससे जिले के किसान एवं अतिथिगण काफी ज्यादा प्रभावित हुए। मुख्य अतिथि श्री चैतराम अटामी विधायक दंतेवाड़ा के माध्यम से पोषण बाड़ी योजनान्तर्गत जिले के हितग्राहियों को फलपौध, सब्जी बीज एवं सब्जी सीडलिंग पौधे का वितरण किया गया। प्रदर्शनी में जिले के उद्यानिकी कृषकों के द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रकार के फलपौध एवं साग-सब्जी जैसे - अमरूद, मौसंबी, टमाटर, बैंगन, भिण्डी, लौकी, तोरई, करेला, कद्दू, मूली एवं कंद वर्गीय फसलें डांगकांदा, जिमीकांदा, अदरक, शक्करकांदा, केऊकांदा आदि प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य अतिथि श्री चैतराम अटामी, वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी श्री धनी राम बारसे, राज्य महिला आयोग सदस्य सुश्री दिपीका सोरी, श्री हुंगाराम मरकाम एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ - साथ जिले के किसानों, महिलाओं व स्कूली बच्चों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक उद्यान श्री हितेश नाग, प्रभारी उद्यान अधीक्षक पावारास सुकमा कमल कुमार गावडे, उद्यान विकास अधिकारी सुकमा श्री नवस तिग्गा, विकासखण्ड प्रभारी छिन्दगढ़ श्री दिलीप कुमार पटेल एवं माली श्री श्याम सुन्दर राणा, श्री श्यामसिंह बघेल व उत्तम मरकाम उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

पशु सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन पशुधन विकास को मिलेगी नई दिशा

सुकमा, 12 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले की पशु सखियों के लिए आयोजित 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का डीआरपीसी में सफलतापूर्वक समापन हुआ। बिहान और पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पशु सखियों को पशुपालन से जुड़ी उपयोगी जानकारी और कौशल प्रदान करना था, जिससे वे जिले में पशुपालकों को और बेहतर सहायता मिल सकें। प्रशिक्षण के दौरान पशु सखियों की भूमिका, जिम्मेदारियां, पशु रोगों का प्रबंधन, पशुधन विकास के लिए सरकारी योजनाएं और सब्सिडी की जानकारी दी गई। इसके साथ ही, प्रतिभागियों को व्यावहारिक कौशल सिखाए गए और क्षेत्र में प्रदर्शन भी करवाया गया। इस कार्यक्रम में करीब 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने समूह चर्चा, प्रस्तुति और व्यावहारिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रशिक्षण से जिले में पशुधन विकास को नई दिशा मिलेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

प्रमुख सचिव निहारिका बारिक ने किया अबूझमाड़ के पहुंचविहीन क्षेत्रों का दौरा

नारायणपुर 12 नवंबर। नारायणपुर जिले में छत्तीसढ़ शासन की महात्वकांक्षी नियद नेल्लानार योजना एवं प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के सडको का किया निरीक्षण छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमति निहारिका बारिक सिंह ने जिले के अबुझमाड़ के एवं दूर्गम और पहुचविहीन क्षेत्रो में चल रहे प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के सडको का निरीक्षण किया गया। वर्तमान में अबुझमाड क्षेत्र के लिए 14 सडको की स्वीकृति प्राप्त है, जिसमें से उनके द्वारा इराकभट्टी रोड से कोहकामेटा से कानागांव लंबाई 7.30 कि.मी. ,सोनपुर से सरगीपाल लंबाई 3.80 कि.मी. , डोंडरीबेडा से कदेर 8.75 कि.मी., एवं बासिंग से हरीमरका लंबाई 7.20 कि.मी. का निरीक्षण किया गया तथा सडको के कार्यो को गुणवत्ता पूवर्क समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देष दिया गया। इस अवसर पर श्री रजत बंसल आयुक्त नरेगा, श्री बिपीन मांझी कलेक्टर जिला नारायणपुर, श्री प्रभात कुमार पुलिस अधीक्षक , रौबिनसंग गुरिया अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक, श्री के.के. कटारे प्रमुख अभियंता पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, श्री रामसागर मुख्य अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, श्री द्वारिका प्रसाद भवार्य अधीक्षण अभियंता,श्री मोहन राव सोनी अधीक्षण अभियंता, श्री विनय कुमार वर्मा कार्यपालन अभियंता, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना नारायणपुर, श्री सतीष झा एवं श्री आषुतोष कुमार सहायक अभियंता, श्री दुर्गेष रघाटाटे एवं वासुदेव पोर्ते उप अभियंता उपस्थित थें।

निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन

उत्तर बस्तर कांकेर 12 नवंबर। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024-25 कराए जाने फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने संशोधित आदेश (समय अनुसूची) जारी किया गया है। स्थानीय निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार द्वितीय चरण में 13 नवम्बर से दावे तथा आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी तथा इसकी अंतिम तिथि 20 नवम्बर को अपरान्ह 03 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। इसी तरह दावा-आपत्तियों कके निपटारे की अंतिम तिथि 24 नवम्बर है, जबकि प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27 नवंबर तथा प्राप्त दावों का निराकरण 30 नवंबर को किया जाएगा।

सोलर लाईट लगाने के नाम पर भ्रष्टाचार, कार्रवाई की मांग करने पहुंचे भाजपाई

- **जिले के 106 पंचायतों में 15 वें वित्त की राशि का हो रहा है दुरुपयोग , जिला प्रशासन आंख बंद कर बैठा**
- **15 वें वित्त में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने ग्राम पंचायत सचिव फर्जी फोटो लगाकर छाप रहा नोट**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नारायणपुर 12 नवंबर। नारायणपुर जिले में इन दिनों सबसे बड़ा मुद्दा 15 वे वित्त की राशि में लाखों से लेकर करोड़ों रुपए की राशि का बंदरबांट किए जाने का मामला गर्माया हुआ है जिसकी शिकायत कई बार जिला प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही करने की मांग की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने के चलते भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद हो गए ओर 15 वे वित्त की राशि का दुरुपयोग का खेल निरंतर जारी है चाहे ओर सोलर लाइट का मामला हो या फिर नल जल योजना की पाइप लाइन बिछाने के नाम पर राशि का आहरण करने की बात हो । आज नारायणपुर जिला भाजपा अध्यक्ष रूपसाय सलाम के नेतृत्व में भाजपाइयों ने जिला कलेक्टर को जनदर्शन में ज्ञापन सौंपकर सोलर लाइट के नाम पर किए जा रहे 15 वे वित्त की राशि के दुरुपयोग पर कार्यवाही की मांग की । इस दौरान बृजमोहन देवांगन , उत्तमचंद जैन , नाडू नाग, बृज मानिकपुरी, अभिषेक झा , प्रितेश जैन , अभिषेक बेनर्जी , जैकी कश्यप , अविनाश देवांगन , अनुज जोशी, संतोष सुराना एवं अन्य भाजपाई मौजूद रहे । ज्ञापन में भाजपाइयों ने ग्राम पंचायत टेमरूगांव में 15 वित्त कि राशी का दुरूपयोग करते हुये एवं शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड 09 थीम पर कार्य ना कर पंचायत द्वारा एक हि कार्य पर बिना नियमों का पालन करते हुये वेन्डर (सौरभ इन्टरप्राइजेस एवं तुषार इन्टरप्राइजेस एवं माजीसा इन्टरप्राइजेस को लाभ पहुँचाये के उद्देश्य से व ग्राम पंचायत के विकास से दुर स्वयं के निजी लाभ हेतू किया जाना स्पष्ट प्रतित हो रहा है एवं लगातार यह भी देखा जा रहा है इसी वेन्डर (सौरन इन्टरप्राइजेस एवं तुषार इन्टरप्राइजेस एवं माजीसा इन्टरप्राइजेस) द्वारा पुर्व में भी अन्य पंचायतो में भी भ्रष्टाचार करते हुये शासन के महत्वकांक्षी योजना 15 वे वित्त की राशि का दुरुपयोग किया गया है पूर्व में जिला पंचायत नारायणपुर के पत्र सदर्भ कमांक 1408/जि.पं/त्था/विविध/2023-24 दिनांक 22/06/2023 पर आज दिनांक तक कार्यवाही लंबित है जिसमे भी जाँच पूर्ण कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने कि आवश्यक्ता है।

अतः महोदय से निवेदन है कि पंचायत सचिव व वेन्डर (सौरभ इन्टरप्राइजेस एवं तुषार इन्टरप्राइजेस एवं माजीसा इन्टरप्राइजेस) पर 03 दिवस के भीतर कार्यवाही करते हुये प्रथम सुचना प्रतिवेदन (स्न्ढ्ढक्र) दर्ज कराने कि कृपा करे और 15 वे वित्त कि राशि में हुये दूरूपयोग का रिकवरी कराते हुये 03 तीन के भीतर आवश्यक कार्यवाही करने कि कृपा करने की बात कही । इस मामले में सबसे बड़ी भूमिका ग्राम पंचायत के सचिव की है जो भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है और फर्जी फोटो जिओ टेक करके राशि का आहरण करने में अहम भूमिका निभा रहे है जांच कर दोषियों के खिलाफ एफ आई आर होना चाहिए जो शासन की राशि का दुरुपयोग कर ग्रामीणों के हक पर डाका डालने का का काम कर रहे है।

विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ियों ने किया उत्साहजनक प्रदर्शन

- **ग्रामीण महिलाओं ने रस्साकसी में दिखाया दमखम**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 12 नवंबर। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बस्तर के युवाओं को खेलों के माध्यम से मुख्यधारा में जोड़ने के उद्देश्य से भव्य और व्यापक रूप में बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के अंतर्गत कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले के तीनों विकासखंड सुकमा, कोंटा, और छिंदगढ़ के मुख्यालयों में 10 नवंबर से 15 नवंबर 2024 तक विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को विकासखण्ड सुकमा अंतर्गत केरलापाल, रामाराम, चिकपाल, गोलाबेकुर, कोयाबेकुर, पोंगाभेज्जी, बडेसट्टी, सिरसट्टी, फुलबगड़ी, विकासखंड छिन्दगढ़ के कूकानार , बोदारास, बोकड़ओडर, इड़जेपाल, गोरली, पेंदलनार, अधिकारीरास, कुन्दनपाल, कुन्ना, मिचवार, पुसगुन्ना डब्बा, पेदारास, डोलेरास, टांगररास और विकासखंड कोण्टा अंतर्गत दोरनापाल, मिसमा, दुब्बाटोटा, पुनपल्ली, सामसट्टी,बगडेगुडा, गोगुण्डा, गोरगुण्डा, नागलगुण्डा, पोलमपल्ली के खिलाड़ी एवं नागरिकगण शामिल हुए। ओलंपिक खेल में कबड्डी, बॉलोबॉल, खो खो, ऐथलंटिक्स., लंबी कूद. उच्ची कूद, रास्सा कसी (महिला) , बैडमिंटन एवं कराटे इंदौर में, तावा फेक, गोला फेक, भाला फेक, तीरंदाजी जैसे खेल शामिल है।

एक नजर

मतदाताओं को मतदान के लिए मिलेगा सवैतनिक अवकाश

रायगढ़, 12 नवम्बर। निर्वाचन आयोग द्वारा झारखण्ड एवं महाराष्ट्र राज्य के विधानसभा निर्वाचन-2024 हेतु मतदान दिनांक 13 एवं 20 नवम्बर 2024 को नियत है। उक्त पड़ोसी राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों/ दुकानों, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार/व्यवसाय में नियोजित है, ऐसे नियोजित/कार्यरत संबंधितों को भी उनके गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश किया गया है। अतः कारखाना अधिनियम 1948 तथा दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अंतर्गत मतदान दिवस मतदान दिनांक 13 एवं 20 नवम्बर 2024 को छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों/दुकानों, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार/व्यवसाय में झारखण्ड एवं महाराष्ट्र के नियोजित श्रमिकों को उनके गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश दिया जाना है।

समितियों में मिलेगी माइक्रो एटीएम की सुविधा

रायगढ़, 12 नवम्बर। धान खरीदी वर्ष 2024-25 में कृषकों को उनके धान विक्रय पश्चात समिति में ही भुगतान प्राप्त करने हेतु जिले में संचालित 69 आ.जा./प्रा.सेवा सहकारी समितियों में छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) के माध्यम से माइक्रो एटीएम सुविधा उपलब्ध कराई गई है। माइक्रो एटीएम के माध्यम से कार्यालयीन दिवसों एवं समय में कृषकों द्वारा छ.ग. राज्य सहकारी बैंक द्वारा प्रदाय रूपे एटीएम कार्ड के माध्यम से प्रतिदिन 10 हजार रूपये तक की राशि आहरण एवं जमा की जा सकेगी। लेन-देन पश्चात एजेंट समिति द्वारा अपने ग्राहकों को सिस्टम जनरेटेड स्लीप भी प्रदाय करेगी। कृषक अपने रूपे एटीएम कार्ड के माध्यम से बैंक शाखा के अलावा अपनी समितियों में भी राशि आहरण/जमा हेतु इस सुविधा का लाभ ले सकते है।

घुमका नगर पंचायत घोषित होने पर ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त

राजनंदगांव,12 नंवबर। छत्तीसगढ़ शासन ने आज घुमका ग्राम पंचायत को नगर पंचायत घोषित कर दिया। जिस संबंध में संयुक्त सचिव रेणुका श्रीवास्तव के पद एवं हस्ताक्षर से छत्तीसगढ़ राज्य पत्र में इसे शामिल कर दिया गया। आज इस आदेश की घोषणा होते ही घुमका के समस्त ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त हो गया। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विगत दिनों घुमका के सैकड़ो लोग भाजपा के नेताओं के नेतृत्व में डॉ रमन सिंह से मिले थे, जिन्होंने घुमका को नगर पंचायत बनाने का निवेदन किया था।

आलनार तरल पहाड़ की लीज निरस्त करने की मांग

संयुक्त पंचायत संघर्ष समिति के बैनर तले प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम दंतेवाड़ा कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता मंगल कुंजाम

किरंदुल 12 नवंबर। दंतेवाड़ा जिले के ग्राम पंचायत गुमियापाल के आश्रित ग्राम आलनार की तरल पहाड़ को फर्जी ग्राम सभा कर आरती स्पंज कंपनी रायपुर को माइनिंग लीज देने के विरोध में 12पंचायतों के हजारों ग्रामीण रैली की शक्ल में दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय पहुंचे. ग्रामीणों की मांग है कि आलनार में कंपनी को दी गई इस लीज को तत्काल निरस्त किए जाने की मांग ग्रामीणों ने की है. सोमवार को हजारों ग्रामीण कंपनी को दी गई लीज निरस्त किए जाने की मांग को लेकर जिला मुख्यालय मार्च करते हुए पहुंचे. गांव वालों का एक टूक में कहना था कंपनी को खनन का काम नहीं करने देंगे ,नाराज प्रदर्शनकारियों ने लीज निरस्त किए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है.

सर्व आदिवासी समाज का आरोप है कि आलनार में तरल पहाड़ को फर्जी ग्राम सभा कर

साल 2011में रायपुर की अरंती स्पंज कंपनी को खनन के लिए माइनिंग लीज दी गई. प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना है कि इस तरह के खनन के काम से किसी का भला नहीं होने वाला है. जल,जंगल और जमीन की रक्षा के लिए वो अपनी लड़ाई जारी रखेंगे!

सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुरेश कर्मा ने कहा कि आदिवासी समाज लागतार जल जंगल जमीन की लड़ाई को लेकर रोड की लड़ाई लड़ रहे है साल 2014में भी हिरोली पंचायत की फर्जी ग्राम सभा कर डिपोजिट 13नंबर पहाड़ को अडानी कंपनी को माइनिंग खनन करने के लिए लीज दिया गया था साल 2017में एक सप्ताह का आनिश्चित आंदोलन कर ग्राम सभा की जांच करवाए जांच में पूरा फर्जी पाया गया और आज गुमियापाल के आलनार के तरल पहाड़ के खनन के लिए साल 2011में फर्जी ग्राम सभा करने की बात कही जा रही है. डिपोजिट 13 नंबर पहाड़ की ग्रामसभा में 160 लोगों के फर्जी हस्ताक्षर लिए गए थे. जबकी ग्राम सभा हुई ही नहीं थी ग्रामीण न्यायिक जांच कराने की मांग कर रहे हैं. बैलाडीला क्षेत्र में 13 नंबर नंदराज पहाड़ को ग्रामीण वर्षों से पूजते आ रहे हैं!

अभी आरती स्पंज कंपनी रायपुर को फर्जी ग्राम सभा कर मात्र 10लोगो का हस्ताक्षर कर खदान खनन करने की कोशिश किया जा रहा है ,ग्रामीण इसका विरोध लगातार करते आ रहे है उसके बाद भी कंपनी सुरक्षा बल के साथ जाकर काम करवाने की कोशिश कर रहा है इसका हम पूरा जोर विरोध करेंगे!

पर्यावरण बचाओ मंच के अध्यक्ष सोना भास्कर ने भी कहा कि कंपनियों और खनन के काम से किसी ग्रामीण का आज तक भला नहीं हुआ है, आलनार तरल पहाड़ में माइनिंग होगा तो आदिवासियों का जीवन अस्त व्यस्त होगा क्योंकि हमारे आदिवासियों का जीवन यापन जल से ही होता है सरकार अगर आलनार पहाड़ को दी गई लीज निरस्त नहीं करती है तो आगे उग्र आंदोलन होगा और दोनों एन.एम. डी.सी. प्रोजेक्ट को बंद कर आंदोलन करेंगे!

सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले प्रदर्शनकरी तख्तियां और बैनर के माध्यम, जल जंगल जमीन हमरा है ,फर्जी ग्राम सभा कर जमीन हत्याना बंद करो ,न लोक सभा न विधानसभा सबसे बड़ी ग्राम सभा, जैसे नारे लगते हुए प्रदर्शन करते कलेक्टर गेट के सामने एक घंटे का चक्का जाम कर ज्ञापन सौंपा गया ।

प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे. प्रदर्शनकारियों की भीड़ को देखते हुए जिला मुख्यालय तक सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई थी!

कुरूद अस्पताल का बिगड़ा स्वास्थ्य, मरीजों को नहीं मिला रहा एक्स रे और पैथोलॉजी जाँच की सुविधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कुरूद 12 नवंबर। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के गृह नगर में स्थित जिले के दूसरे बड़े शासकीय अस्पताल सिविल अस्पताल कुरुद स्वयं बीमार चल रहा है यहां आने वाले मरीजों को एक्स रे और पैथोलॉजी जाँच की सुविधा वंचित होना पड़ रहा है । थुहा निवासी मनोज बंजारे, भाठागांव निवासी राजेश साहू हेमलाल नेताम ने बताया कि यहाँ के एक्स रे मशीन हर माह कुछ न कुछ खराबी की वजह से बंद पड़ा रहता है महीने में 4 से 5 दिन हि इस सुविधा का लाभ मरीजों को मिल पाता है । दीवाली त्यौहार के पहले से यह मशीन बंद पड़ी है जिसके कारण एक्सीडेंट तथा अस्पताल आये अन्य मरीजों को एक्स रे कराने के लिए निजी अस्पताल कि ओर रुख करना पड़ता हैं । इस वजह से समय के साथ साथ आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है साथ हि इस अस्पताल के लैब में 02 नियमित और जीवन दीप समिति से पैथोलॉजीस्ट होने के बावजूद बहुत से लैब जाँच नहीं होता जबकि अस्पताल के लैब के बाहर 59 प्रकार के लैब जाँच होने की सूची दर सहित चस्पा कर रखे है । लैब जाँच से संबंधित चस्पा किये सूची क्या जिले एवमं राज्य स्तर से आने वाले अधिकारियों

को दिखाने मात्र के लिये लगा रखा है या बाकी जाँच के लिए जरूरी सामान नहीं हैं समझ से परे है । सुनने में ये भी आता है कई प्रकार के जाँच को अस्पताल में ही कार्यरत स्टॉफ के द्वारा कमीशन के लिये बाहर निजी लैब में ले जाया जाता है यह कहाँ तक सही है अस्पताल प्रशासन हि जाने । यह अस्पताल बहुत से असुविधाओं से लदा हुआ है स्थानीय जनप्रतिनिधियों के निरंकुशपन के चलते हैं हमेंऔर लंबे समय से जमे अधिकारियों के मनमानी के कारण यह अस्पताल खुद बीमार होते जा रहा है गिरधर शर्मा कुरूद नगर के निवासी ने कहा सिविल अस्पताल में अवस्था का आलम है। सरकारी सुविधाओं को उपलब्ध कराने अस्पताल प्रबंधन गंभीर नहीं है, यही कारण है कि मरीजों को एक्सरे, सोनोग्राफी, मशीन होने के बावजूद निजी अस्पतालों में ऊंचे दामों पर उपचार करना पड़ रहा है। नरेश सचदेव कुरूद 15 दिन हो गया उसके बाद भी एक्सरे मशीन खराब पड़े वहीं सोनोग्राफी मशीन भी लंबे समय से बंद पड़े हैं। अस्पताल प्रबंधन की ही लापरवाही है। प्रभारी बीएमओ डॉक्टर उमाशंकर नवरत्न सिविल अस्पताल कुरूद एक्सरे मशीन 15 दिन से खराब है। सोनोग्राफी मशीन भी बंद पड़े हैं। इंजीनियर बुलाए हैं।

समाचार संक्षेप

गुरु नानक जयंती पर प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी

कुरूद 12 नवंबर। 15 नवंबर को सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की जयंती कुरूद नगर के सिन्धु भवन में आयोजन किया जा रहा है। जिसके उपलक्ष्य में नगर के सिंधी समाज एवं अनुयाईयों द्वारा कुरूद नगर में 9 नवंबर दिन शनिवार को गुरुद्वारा साहब से ग्रंथ साहब की सवारी सिन्धु भवन ले जाई गई ,जहां नियमित सात दिन पाठ साहब की शुरुआत हो चुकी है जो 15 नवंबर

शुक्रवार को भोग साहब व आनंद मेले के साथ समाप्त होगी ।सिंधु भवन से रोज सुबह अमृत बेला में प्रभात फेरी निकाली जा रही है। जिसमें सिंधी समाज के तथा गुरुनानक देव के अनुयाईयों की भारी उपस्थिति रहती है ।श्री राम ,जय जय राम भजन गाते हुए लोग चलते हैं ।11 नवंबर सोमवार को प्रभात फेरी कुरूद नगर भ्रमण करते हुए सुगनामल राजकुमार रमानी, और मुरलीधर बजाज के घर स्वागत के बाद सिन्धु भवन पहुंची। नरेश वर्दयानी जय चंडीलोहा लोहाबाड़ा के संचालक एवं नरेश सचदेव द्वय ने बताया यह कार्यक्रम 9 नवंबर सोमवार से शुरू किया गया है, जो 15 नवंबर शुक्रवार को भोग साहब व रात में आनंद मेले के साथ समाप्त होगी।

तहसीलदार कोमाखान और मंडी की टीम ने 120 क्विंटल अवैध धान का परिवहन पर की कार्रवाई

महासमुंद 12 नवंबर। बागबाहरा एसडीएम श्री उमेश कुमार साहू ने बताया कि आज 11 नवंबर को तहसीलदार कोमाखान और मंडी की टीम ने अवैध धान परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। उड़ीसा राज्य से छत्तीसगढ़ के ग्राम भलेसर में रात के अंधेरे में एक बाड़ी में छिपाकर रखे गए ट्रक को पकड़ा गया। इस ट्रक में लगभग 350 कट्टे, यानी लगभग 120 क्विंटल धान लोड था, जिसे छत्तीसगढ़ लाकर अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा

था। टीम ने शाम 7-40 बजे इस ट्रक को जब्त कर लिया और आगे की कार्यवाही के लिए इसे थाना प्रभारी कोमाखान के सुपुर्द किया। इस कार्रवाई का उद्देश्य धान के अवैध परिवहन को रोकना है। प्रशासनिक टीम ने स्पष्ट किया कि इस तरह की अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे ताकि राज्य की आर्थिक स्थिति और स्थानीय किसानों के हित सुरक्षित रहें।

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज पहुंचे चैंबर

रायपुर 12 नवंबर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज, रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में चेंबर से समर्थन मांगने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी चेंबर भवन पहुंचे और चेंबर अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी, चेंबर पदाधिकारिगण एवं व्यापारियों के बीच अपनी-अपनी बात रखी। इस अवसर पर श्री श्याम बिहार जायसवाल जी के साथ भाजपा के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री लाभचंद बाफना जी, श्री अशोक बजाज जी, भाजपा रायपुर शहर अध्यक्ष श्री जयंती पटेल जी एवं प्रेम आर्य जी उपस्थित थे। एवं श्री दीपक बैज जी के साथ नगर निगम सभापति श्री प्रमोद दुबे जी, कांग्रेस शहर अध्यक्ष श्री गिरीश दुबे जी एवं सुभाष बजाज जी उपस्थित रहे। बैठक में चेंबर की ओर से चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, चेंबर कार्यकारी महामंत्री विकास आहूजा, उपाध्यक्ष कन्हैया गुप्ता, टी श्रीनिवास रेड्डी, नरेंद्र हरचंदानी, मनोज जैन, हीरा मखीजा, मंत्री निलेश मूंदडा, प्रशांत गुप्ता, राजेंद्र खटवानी, लोकेश साहू, जनक (राकेश) वाधवानी, अमित अग्रवाल, दिलीप इसरानी, गोल्डी लूनिया, सोएब अंसारी, युवा चैंबर महामंत्री कांति पटेल, युवा वरिष्ठ मंत्री हिमांशु वर्मा, योगेश भानुशाली, योगेंद्र नारंग, नवीन जैन, सुमित गुप्ता सहित व्यापारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

करैत के डसने से मरणासन्न मासूम को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मिला नया जीवन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 12 नवम्बर। तीन तस्वीरों से समझा जा सकता है कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार के प्रयास कैसे लोगों के जीवन में संजीवनी का काम कर रहे हैं। यह तस्वीर 3 साल के मासूम मानविक की है। जिसे जहरीले करैत सांप ने डस लिया था। मरणासन्न हालत में उसे मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में इलाज के लिए जब भर्ती कराया गया तो सांप का जहर पूरे शरीर में फैल चुका था उसकी स्थिति काफी गंभीर हो चुकी थी। शरीर में लकवे का असर दिख रहा था और सांस लेने में भी तकलीफ हो रही थी। शुरुआती 40 से 42 घंटे तक वह पूरी तरह से होश में नहीं आया था और उसे वेंटीलेटर में रखना पड़ा था। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायगढ़ के डॉक्टरों ने एक हफ्ते तक गहन इलाज कर उसकी जान बचाई और नया जीवनदान दिया। करैत भारत में पाए जाने वाले सर्वाधिक जहरीले सांपों में से एक है। इसका जहर न्यूरोटॉक्सिक होता है। जिससे नर्वस सिस्टम पर असर पड़ता है। सही समय पर इलाज न मिले तो जान बचने की गुंजाइश कम होती है। ऐसे में एक छोटे मासूम बच्चे

की रायगढ़ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में मिले उचित इलाज से जान बचाई जा सकी। रायगढ़ के खरसिया ब्लॉक के औरदा गांव के निवासी तुलेश्वर चौहान के 3 साल के बेटे मानविक चौहान को सोते समय घर में सुबह पांच बजे के करीब जहरीले करैत सांप ने दाहिने हाथ की उंगली में काट लिया। परिजन बच्चे को सिविल अस्पताल खरसिया लेकर गए। वहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कर बच्चे को बेहतर ईलाज के लिए संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शा.चिकित्सालय रायगढ़ रेफर कर दिया गया। बच्चे को सुबह लगभग 8 बजे के आसपास संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शा. चिकित्सालय रायगढ़ के आपातकालीन विभाग में अत्यंत गंभीर स्थिति में भर्ती कराया गया। बच्चे के शरीर में सॉप का जहर फैल चुका था, बच्चे की आँखों की दोनों पलकों में लकवा मार चुका था, सांस लेने में तकलीफ हो रही थी, मुँह से झाग आ रहा था, बच्चे के हाथ-पैर ठंडे पड़ गए थे एवं नाड़ी भी कमजोर हो रही थी। बच्चे को आपातकालीन विभाग में ही बाल्य एवं शिशुरोग विभाग के आपातकालीन ड्युटी में उपस्थित डाक्टरों द्वारा त्वरित ईलाज प्रारंभ कर बच्चे को श्वास की नली डालकर कृत्रिम ऑक्सीजन की मशीन (वेंटीलेटर)में डाला गया तत्पश्चात बच्चे को चिकित्सकों की आपातकालीन टीम द्वारा बच्चे के आई.सी.यू.वार्ड में शिफ्ट किया गया। बच्चे के ईलाज के दौरान एंटी स्नैक वेनम, आइनोट्रोप उपयुक्त एंटीबायोटिक एवं वेंटीलेटर में रखा गया था।

पंचायत चुनाव को देखते भाजपा ने तैयारी शुरु की, कार्यकर्ताओं की ली बैठक

■ पार्षद जितेंद्र हेमला ने सरस्वती शिशु मंदिर में खेल सामग्री की भेंट

बीजापुर 12 नवंबर। मंगलवार को नगर पालिका परिषद बीजापुर के पार्षद जितेंद्र हेमला बीजापुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर पहुँचे और विद्यालय के लिए फुटबॉल, वालीवाल, क्रिकेट किट, गोला , भाला, तावा, रस्सी कूद, बैडमिंटन किट और लूडो आदि खेल सामग्री प्रदान की । जितेन्द्र हेमला ने कहा की सरस्वती शिशु मंदिर ऐसा केंद्र है जहां पर छात्रों की पढ़ाई उच्च प्रशिक्षित शिक्षक के द्वारा कराई जाती है, सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ाई कर रहे छात्रों का संपूर्ण बौद्धिक, शारीरिक और मानसिक शिक्षा के साथ ही सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्र निर्माणबकी शिक्षा दी जाती है। पार्षद जितेन्द्र हेमला ने कहा कि वे स्वयं भी कक्षा पांचवी से कक्षा आठवीं तक की अपनी शुरुआती शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर से ही ग्रहण किया है जहाँ से मिले संस्कारों के कारण ही वे आज सेवा भावी होकर सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर अपने बड़े आचार्य श्री रामसिंह बघेल जी एवं जयमाला दहिया दीदी जी से मिले स्नेह, आशीर्वाद और मार्गदर्शन को याद किया। जितेंद्र हेमला ने यह भी कहा कि आगामी दिनों में खेल सामग्री नगर के सभी स्कूलों में वितरित किए जाने की योजना है। इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य –श्री संतोष गोरला जी एवं शिक्षिका के साथ बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र छात्रायें मौजूद रहे।

विद्यार्थी जीवन में खेलों का बहुत महत्व, इससे शरीर स्वस्थ एवं मजबूत बनता है: डॉ. चंदेल

रायपुर, 12 नवंबर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय रायपुर में पूर्वी क्षेत्रीय अन्तर्महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता 2024 की शुरूआत हुई। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने पूर्वी क्षेत्रीय अन्तरमहाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पूर्वी क्षेत्रीय अन्तरमहाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय रायपुर, स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, रायपुर, खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर, कृषि महाविद्यालय, महासमुंद, कृषि महाविद्यालय भाटापारा, कृषि महाविद्यालय, मर्रा, पाटन तथा कृषि महाविद्यालय, गरियाबंद के 270 प्रतिभागी शामिल हुए जिनमें 160 छात्र एवं 110 छात्राएं हैं। 11 से 13 नवम्बर, 2024 तक आयोजित होने वाली इस तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न क्रीड़ा स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस अन्तरमहाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत व्यक्तिगत स्पर्धाओं में लम्बी कूद, ऊंची कूद, ट्रिपल जंप, भाला फेंक, गोला फेंक, डिस्क थ्रो, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, हर्डल दौड़ तथा 4ग्100 मीटर एवं 4ग्400 मीटर रिले दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। सामूहिक स्पर्धाओं के अंतर्गत वॉलीबाल, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन तथा टेबल टेनिस स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलों का बहुत महत्व है। इससे शरीर स्वस्थ एवं मजबूत बनता है एवं बच्चों में टीम स्पिरिट तथा खिलाड़ी भावना का विकास होता है।

शिक्षा सचिव ने कोमाखान, बेलसोंडा व महासमुंद जिले के दूरस्थ ग्रामीण स्कूलों का किया आकस्मिक निरीक्षण

■ बच्चों के हाजिर जवाब से शिक्षा सचिव हुए प्रभावित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

महासमुंद 12 नवंबर। स्कूल शिक्षा सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी एवं संयुक्त संचालक श्री राकेश पांडे द्वारा महासमुंद जिले के विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कई स्कूलों में शैक्षिक गतिविधियों, सुविधाओं और बच्चों की शैक्षिक प्रगति का जायजा लिया। जिन विद्यालयों का निरीक्षण किया गया उनमें हायर सेकेंडरी स्कूल बेलसोंडा, प्राथमिक शाला ओंकारबंद, प्राथमिक शाला पीएम श्री स्कूल खोपली, मिडिल स्कूल खोपली, हाई स्कूल खोपली,मिडिल स्कूल कसेकेरा, हाई स्कूल कसेकेरा, मिडिल स्कूल कुलिया, और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया शामिल हैं।

निरीक्षण के दौरान, शिक्षा सचिव श्री परदेशी ने बच्चों से उनकी अब तक की पढ़ाई के बारे में चर्चा की और विज्ञान, भूगोल एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे। बच्चों से भारत के महान वैज्ञानिकों, इंद्रधनुष के रंगों की संख्या, छत्तीसगढ़ के जिलों के नाम और पड़ोसी राज्यों के बारे में सवाल किए गए। छोटे बच्चों से रंगों और फलों से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए, जिनमें अधिकांश बच्चों ने सही उत्तर दिए। बच्चों के हाजिर

जवाब से शिक्षा सचिव प्रसन्न हुए और उनकी समझ को सराहा।

निरीक्षण के दौरान, श्री परदेशी ने विद्यालयों में शौचालय में तालाबंदी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और प्रधानपाठक एवं प्राचार्य को निर्देशित किया कि स्कूल की सुविधाओं का सभी बच्चों को अधिकतम लाभ मिले। उन्होंने कहा कि शासन से प्राप्त सामग्री अलमारी या बॉक्स में बंद नहीं होनी चाहिए; इसे बच्चों के उपयोग के लिए आसानी से उपलब्ध रखा जाए। उन्होंने शौचालय में स्वच्छता बनाए रखने और स्कूल समय में शौचालय का ताला खुला रखने के निर्देश दिए। साथ ही, परिसर की सफाई, मुस्कान पुस्तकालय का अधिकतम उपयोग, प्रयोगशाला में बच्चों का प्रयोग करना, शिक्षकों की समय पर उपस्थिति, शिक्षक डायरी का संधारण, और शासन के दिशा-निर्देशों का समयानुसार पालन करने पर भी जोर दिया।

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया में बच्चों ने रक्षाबंधन पर्व पर महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी से हुई भेंट को अपने जीवन का यादगार पल बताया। इस पर सचिव श्री परदेशी ने कहा कि आज की बालिकाएं और महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं, वे सुई से लेकर हवाई जहाज तक उड़ा रही हैं। यह समाज में महिला सशक्तिकरण का एक शानदार उदाहरण है।

इस अवसर पर, जिला शिक्षा अधिकारी श्री मोहन राव सावंत, श्री आलोक चांडक जेडी कार्यालय जिला मिशन समन्वयक श्री कमल नारायण चंद्राकर, सहायक संचालक श्री सतीश नायर, सहायक संचालक श्री नंदकिशोर सिन्हा, विकास खंड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा श्री के के वर्मा, बीआरसीसी महासमुंद श्री जागेश्वर सिन्हा, और एबीईओ श्री रामता मन्नाडे भी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 12 नवम्बर। छत्तीसगढिया क्रान्ति सेना व जोहार छत्तीसगढ पार्टी जिला बलौदाबाजार के द्वारा छत्तीसगढ राज्य सिरजन दिवस व गौटिया परसराम यदु के जन्म जयंती 1 नवम्बर के उपलक्ष्य मे छत्तीसगढ महतारी चौक भाटापारा मे रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिसमे छत्तीसगढिया क्रान्ति सेना, जोहार छत्तीसगढ पार्टी के सेनानी पदाधिकारीयो के साथ अन्य लोगो ने 62 युनिट ब्लड डोनेट कर आयोजन को सफल बनाया।

सुबह 9 बजे छत्तीसगढ महतारी व गौटिया परसराम यदु के छायाचित्र की पूजा, दीप प्रज्वलन, राजगीत अरपा पैरी के धार से आरती पश्चात रक्तदान प्रारंभ हुआ। आशिर्वाद ब्लड बैंक के तकनीकी स्टाफ, आनंद अस्पताल बलौदाबाजार के सर्जन डा. देवेश वर्मा के दिशानिर्देश मे लोगो के ब्लड प्रेशर, सुगर जांच पश्चात रक्तदान लिया गया। रक्तदाताओ का छत्तीसगढिया क्रान्ति सेना व आशिर्वाद ब्लड बैंक के तरफ से प्रमाणपत्र, प्रशस्ति पत्र के साथ हेलमेट, गमछा देकर सम्मानित किया गया। शाम 4 बजे तक चले शिविर मे नगर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार, बुध्दिजीवी लोगो ने अपनी

उपस्थित व प्रोत्साहन से आयोजन को सफल बनाया। छत्तीसगढिया क्रांन्ति सेना लगातार विगत 6 वर्षो से छत्तीसगढ राज्य सिरजन तिहार के रुप 1 नवम्बर को छत्तीसगढ की संस्कृति, नृत्य, पकवान, आभूषण, परम्परागत पहनावा, महान विभूतियो, जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सेना व पुलिस शहीद जवानो के परिजनो का सम्मान के साथ छत्तीसगढ महतारी की महाआरती का आयोजन करता रहा है। इस आयोजन मे छत्तीसगढ के बस्तर, सरगुजा अंचल से करमा दल गेढी नृत्य, डंडा नाच, सुआ नाच, राउत नाच, पंथी नृत्य, अखाड़ा दल, के साथ भव्य रैली का आयोजन किया जाता रहा है। इन आयोजनो मे नगर के सभी लोगो के साथ जिले भर से लोग शामिल होते रहे है। इस वर्ष 1 नवम्बर को दीपावली त्योहार होने की वजह से रैली का आयोजन नही हो पाया था। छत्तीसगढिया क्रान्ति सेना बलौदाबाजार के संयोजक गोपाल वर्मा अध्यक्ष सनत यदु उपाध्यक्ष देवप्रसाद वर्मा जितेंद्र वर्मा योगेश, सतीष, पुरब देवांगन के साथ जोहार छत्तीसगढ पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रकांत यदु जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र यदू जितेंद्र साहू. विनोद वर्मा ने सराहनीय सहयोग कर आयोजन को बनाया।

नशामुक्ति : रिसदा में नई दिशा अभियान का हुआ आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 12 नवम्बर। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर नशा से बचने हेतु नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नई दिशा कार्यक्रम प्रति सप्ताह जागरूकता शिविरों का आयोजन स्कूल, कॉलेज, ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में हायर सेकेण्डरी स्कूल रिसदा (बलौदाबाजार) जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 221 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेड़ाम ने बताया कि नशा एक व्यक्ति करता है और बरबाद उसका पुरा परिवार हो जाता है। अगर नशे की लत से छुटकारा पाना है तो एक दृढ़ संकल्प लेकर अथवा एक सकारात्मक सोच लेकर नशे को छोड़ना पड़ेगा इस हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशामुक्ति केन्द्र भी सहयोग करता है। नशामुक्ति केन्द्र में मनोचिकित्सक उपलब्ध है, दवाईया भी दी जाती है एवं सकारात्मक सोच को अपने मन में रखकर नशे को जिन्दगी से विदा देना है, अन्यथा इस नशे की लत हमें जिन्दगी से विदा कर देगी। सरकार इन पीड़ित को नशे के चुंगल से छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है, शराब और गुटखें पर रोक लगानें के प्रयास करती है। नशा एक ऐसी बिमारी है जो समाज को खोखला करती है एंव इससे कई परिवार नष्ट हो रहे है, इसलिए नशे से दुर रहे। नशा मुक्त भारत अभियान, मानसिक स्वास्थ्य एवं महिला उत्पीड़न के बारे में बताया गया साथ ही साथ नशामुक्ति हेतु संकल्प भी लिया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को अपने परिवार, मोहल्ले आस-पास के वातावरण को नशे से मुक्त करने हेतु जानकारी दी गई है एवं संकल्प वाचन किया गया। खैरघटा स्थित नशामुक्ति केन्द्र में प्रतिदिन योगाभ्यास, पूजा पाठ एवं सामाजिक कार्यक्रम कराया जाता है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जीवन जीने की कला जिसे अंग्रेजी में आर्ट ऑफ लिविंग कहा जाता है इसके संबध में भी जानकारी बच्चों को दी गई जिससे वह अपना जीवन सहजता एवं सरलता से यापन कर सके एवं जीवन की कठनाईयों का सामना कर सकें।

एक नजर

अमृतसर यात्रा पर निकले श्रद्धालु का स्वागत कर दी शुभकामनाएं

भाटापारा, 12 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अमृतसर यात्रा पर निकले श्रद्धालु राजवंत सिंह बग्गा लखनऊ वाले के नेतृत्व में लगभग 50 लोगों का एक जत्था संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से रवाना हुआ। यह जत्था राजनंदगांव, दुर्ग, भिलाई और भाटापारा होते हुए अमृतसर जा रहा है। यह जत्था अमृतसर साहिब, ननकाना साहिब, पाकिस्तान और लाहौर के प्रमुख गुरुद्वारों के दर्शन करके अमृतसर साहिब वापस आएगा। भाटापारा से हरजीत कौर गुम्बर भी इस यात्रा पर जा रही हैं। उन्हें बधाई देने के लिए भाटापारा सिख समाज के प्रमुख लोग उपस्थित थे। इनमें प्रमुख रूप से बलवंत सिंह सलूजा, हरभगवान गुम्बर, कुलवंत गुम्बर, गुरमित गुम्बर, बबलू चावला, राजा गुम्बर, अमरजीत सलूजा, जोंटी गुम्बर आदि शामिल थे। समाज के सभी प्रमुख लोगों ने हरजीत कौर गुम्बर को पुष्पगुच्छ और शुभकामनाएं देकर उनकी यात्रा का शुभारंभ किया।

कोर्रा में रुद्र महाभिषेक एवं महायज्ञ का आयोजन 13 नवम्बर को

भखारा, 12 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ओबीसी संयोजन समिति जिला धमतरी एवं ग्राम इकाई कोर्रा के तत्वाधान में 13 नवंबर बुधवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक खेल मैदान परिसर कोर्रा में रुद्र महाभिषेक एवं महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस पुण्य अवसर पर पुरोहित नारायण कौशिक सहित 11यज्ञकर्ता अपने मुख से रुद्राभिषेक महामंत्र का मंत्र उच्चारण करते हुए महायज्ञ संपन्न करेंगे।ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक व अधिवक्ता शत्रुहन साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम नया फसल आगमन समय में किसानों की समृद्धि और खुशहाली के लिए मेहनतकश ओबीसी समाज सहित जिलेवासियों के पुण्य प्रताप के लिए आयोजन किया गया है। यजमानों को अभियंत्रित रुद्राक्ष भेंट किया जाएगा। यज्ञ के बाद प्रसाद वितरण व भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजक टीम के प्रमुख ग्राम कोर्रा निवासी यशवंत साहू ने ग्रामीणों सहित आप- पास के गांवों के लोगों को बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए आव्हान किया हैं।

गली-मोहल्लों में धड़ल्ले से बिक रही शराब, युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

चारामा, 11 नवम्बर। नगर के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में भी इन दिनों अवैध शराब की बिक्री जोरो पर है। मुख्यालय में अंग्रेजी व देशी शराब की सरकारी दुकान होने के बाद भी नगर व आसपास के गांवों में अवैध शराब की बिक्री के लिए कई कोचिए सक्रिय दिखाई दे रहे है। सरकार एक ओर जहां शराब के ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करते हुए आबकारी विभाग के माध्यम से शराब बेचने का कार्य कर रही है वहीं शराब की अवैध बिक्री एवं तस्करी में लगे लोगो पर लगाम लगाने में विफल नजर आ रही है।

अवैध शराब की बिक्री एवं तस्करी के संबंध में सरकार के दावे धरातल पर टिकते हुए दिखाई नही पडते है, धरातल पर यहां न तो अवैध शराब की बिक्री पर रोक लग रही है और नही शराब तस्करों पर कोई ठोस कार्यवाही होते दिखाई पड़ रही है। बल्कि आबकारी विभाग की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नही होने के चलते रोज नए-नए शराब कोचिये पैदा होते जा रहे है। जिसके कारण नगर व आसपास के क्षेत्रों में जगह-जगह पर अवैध शराब की बेधडक बिक्री हो रही है। नगर के विभिन्न वार्डो में तथा गांवों की गलियों में बडे आसानी से शराब उपलब्ध करायी जा रही है। शराब के शौकीनों को देशी अथवा विदेशी किसी भी प्रकार की शराब अधिकृत शराब दुकान के बाहर ही आसानी से मिल

जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन द्वारा निर्धारित मूल्य से 20-30 रू. की अधिक कीमत वसूल कर शराब कोचियों के द्वारा मदिराप्रमियों को शराब बेची जाती है। जगह-जगह पर अवैध तरीके से शराब मिलने के कारण ज्यादातर युवा भी नशे की चपेट में आ रहे है तथा शराब के नशे में आकर आम लोगो से गाली-गलौच एवं मारपीट करते हुए कई तरह के अपराधों को अंजाम दे रहे है। बडे पैमाने पर अवैध शराब की बिक्री से नगर व गांवों का वातावरण लगातार बिगडता जा रहा है। बढते नशे के कारोबार के चलते दिनोदिन अपराध भी बढते जा रहे है। नगर व आसपास के क्षेत्रों में वर्तमान में चोरों ने कई बडी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल अवैध शराब की बिक्री करने वाले कोचियों पर प्रशासन की प्रभावी कार्यवाही करते हुए इस पर रोक लगाने की आवश्यकता है। अन्यथा आने वाले समय में अवैध शराब के तस्तर शासन प्रशासन के लिए बडी चुनौती बन जाए इस बात से इंकार नही किया जा सकता।

कोड़ेबोड़ क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर, ग्रामीण परेशान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 11 नवम्बर। इन दिनों कोड़ेबोड़, मरौद, अंवरी, पुरैना सहित क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर चल रही है ग्रामीणों के मुताबिक छोटे-छोटे बच्चे भी शराब के नशे में लिप्त हो रहे हैं और स्कूलों से दूरी बना ली है मजदूर, बेरोजगार और अन्य कामगार लोग भी शराब की चपेट में आ चुके हैं. ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बावजूद भी उचित कार्यवाही नहीं होती इन दिनों कोड़ेबोड़ क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर चल रही है।

सूत्रों के प्राप्त जानकारी अनुसार कुरूद और भखारा को अवैध शराब बिक्री का केंद्र बताया जा रहा है यहां से ग्रामीण कोचियों के पास शराब पहुंचाई जाती है पुलिस भी खानापूर्ति के लिए ग्रामीण कोचियों और सप्लायर को पकड़ती है लेकिन कुछ घंटे में ही छोड़ देती है फिर से यही कोचिये अपना अवैध शराब बिक्री शुरू कर देते हैं इसमें जन जागरूकता के लिए आवाज उठाने वाले सामाजिक कार्यकर्ता पर ही इल्जाम लगने की आशंका बनी रहती है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा
(फोन/फैक्स नं.-07856-252362, ई-मेल eedan-phe-cg@nic.in)

निविदा सू.क्र./24/ले.शा./का.अ./ज.जी.मि./लो.स्वा.यां./2024 दन्तेवाड़ा, दिनांक 08/11/2024

//द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना//

एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'ब' प्रतिशत दर निम्नलिखित कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की गयी है।
कार्य का नामः- जल जीवन मिशन के अंतर्गत किराये का वाहन हेतु आमंत्रित निविदा।

क्र.	सिस्टम टेण्डर क्रमांक	कार्य का विवरण/ग्राम/विकासखण्ड	निविदा आमंत्रण	अनुमानित लागत (लाख में)
1	160985	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में जल जीवन मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में किराये के वाहन हेतु निविदा	द्वितीय	21.60
		कुल योग		21.60

निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है।
टीपः- निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 22.11.2024 है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दंतेवाड़ा

जी-242503714/3

कथित वैद्य के खिलाफ रिपोर्ट लिखाने वाले को धमकाया, गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कसडोल, 12 नवम्बर। जहरीली दवाई पिलाने के प्रकरण में पीड़ित पक्ष के घर घुसकर उन्हें धमकाने वाले कथित वैद्य के बड़े भाई को थाना लवन पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कथित वैद्य, इस प्रकरण में पहले से ही जेल की हवा खा रहा है।

लवन पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ने गत दिवस, थाना लवन में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4 नवम्बर 2024 को आरोपी वैद्य राजेश मिश्रा द्वारा उसके पति स्वर्गीय दिनेश वर्मा को खांसी-सर्दी की दवाई देने की बात कह कर जहरीला पदार्थ पिला दिया गया जिससे उसके पति की मृत्यु हो गई। मामले में लवन पुलिस द्वारा आरोपी वैद्य राजेश मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वही वैद्य राजेश मिश्रा के गिरफ्तार होने से बौखलाए उसके बड़े भाई धर्मेश मिश्रा ने 8 नवम्बर को दोपहर करीब 2 बज कर 30 मिनट पर प्रार्थिया के घर के अंदर घुसकर, अपने हाथ में डंडा ले कर, उसे अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दिया। यही नहीं धर्मेश मिश्रा द्वारा पीड़िता के जेठ व घर वालों को भी जान से मार कर खत्म कर देने की धमकी दिया गया। जिससे भयभीत, पीड़िता का जेठ ललित कुमार वर्मा बेहोश हो गया। इस घटना के बाद से सभी घर वाले अत्यधिक भयभीत हैं। घर वालों की स्थिति को देखते हुए पीड़िता ने 9 नवंबर को इसकी शिकायत लवन थाने में दर्ज कराया जिस पर धारा 296, 351 (2), 333 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना लवन से प्रधान आरक्षक विनोद बांधे द्वारा विवेचना करते हुए आरोपी धर्मेश मिश्रा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने पीड़िता व उसके परिवार के सदस्यों को डराना एवं धमकाना स्वीकार किया। इसके पश्चात आरोपी धर्मेश मिश्रा निवासी ग्राम मुंडा थाना लवन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

कार्यालय नगर पंचायत पाटन जिला-दुर्ग छ.ग.

क्र./1991/निर्माण/न.पं./2024 पाटन, दिनांक 11.11.2024

-मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना-

नगर पंचायत पाटन क्षेत्रांतर्गत 15वें वित्त मद से निम्न वाहन/उपस्कर क्रय हेतु पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों/फर्म/अधीकृत डीलर-सप्लायर से प्रभावशील लागत दर पर मुहर बंद निविदा ''फार्म स'' में आमंत्रित की जाती है जो मात्र स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक (द्विलिफाफा पद्धति) से अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

1 निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि :- 02.12.2024 समय अपरान्ह 05.00 बजे तक
2 निविदा प्रपत्र प्रदाय की तिथि :- 04.12.2024 समय अपरान्ह 05.00 बजे तक
3 निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- 11.12.2024 समय अपरान्ह 04.00 बजे तक
4 निविदा खोलने की तिथि :- 11.12.2024 समय अपरान्ह 05.00 बजे से

क्र.	कार्य का नाम	लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा फार्म शुल्क	कार्यावधि कार्यादेश से
1	नाला मैन (1 नग) प्रदाय	14.00	42000.00	750/-	1 माह

टीपः- उपरोक्त कार्य की निविदा शर्तें/विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है। यह जानकारी https://uad.cg.gov.in/ में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पाटन

एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान

वनांचल क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 12 नवम्बर। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा समुदाय में बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण हेतु जागरूकता लाने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन जिले में किया जा रहा है। जिले के अंतिम छोर तक किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के प्रावधानों के व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्केन्द्र जाटवर के मार्गदर्शन का अनुपालन करते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा कसडोल विकासखंड के सूदुर तथा सीमावर्ती ग्रामों थरगांव, चांदन, मानदीप, बरपानी और कुशभाटा के शासकीय उ.मा.विद्यालयों में जाकर बच्चों को उनके अधिकारों और उनके संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गई। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को बाल अधिकारों, बाल विवाह, बाल श्रम, किशोर न्याय अधिनियम, दत्तक ग्रहण और पाक्सो एक्ट जैसी महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी से अवगत कराना था। साथ ही, बच्चों को गुड टच और बैड टच के बीच के अंतर को समझाने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए,

ताकि वे अपने शरीर की सुरक्षा के प्रति सजग रह सकें। टीम ने बच्चों को बाल कल्याण समिति और विधि से संघर्षरत बच्चों एवं शासन के द्वारा बालको के संरक्षण हेतु स्थापित की गई वैधानिक इकाईयों एवं संस्थानों के बारे में भी जानकारी दी। इस सत्र में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाईन 181 तथा चिकित्सा एवं पुलिस सहायता हेतु 112 नंबर के महत्व पर जोर दिया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में बच्चे सही सहायता प्राप्त कर सकें।

इसके साथ ही बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी बताया गया। एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत बच्चों को समझाया गया कि नशा उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य के लिए कितना हानिकारक हो सकता है। बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया और उन्हें इसके संभावित दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। कुल 5 विद्यालयों के 1200 छात्र-छात्राओं ने जागरूक कार्यक्रम में भाग लिया। उक्त कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें विभिन्न मुद्दों पर जानकारी दी और उनके प्रश्नों का समाधान भी किया। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी मेघा शर्मा, संरक्षण अधिकारी विजय दिवाकर, चाईल्ड लाईन समन्वयक रेखा शर्मा, परामर्शदाता संतोष कोसले, सामाजिक कार्यकर्ता टुकेश्वर जगत और आउटरीच कार्यकर्ता अर्चना वैष्णव एवं भागीरथी सिदार सहित विद्यालय के शिक्षक गण उपस्थित रहे।

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202411092300003-अ/74-वर्ष 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामखिलावन पिता हिरदूराम जाति लोधी निवासी ग्राम पारागांवखुर्द तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम पारागांवखुर्द पटवारी हल्का नं. 15 रा.नि.मं. मुसराकला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित की कृषि भूमि खसरा 211 रकबा 0.287 हेक्टेयर भूमि पुराने नक्शे के अनुसार राजस्व अभिलेख में दर्ज था। बटवारे के बाद खसरा नं. 211/1 रकबा 0.178 हेक्टेयर भूमि आवेदक क्र. 01 रामखिलावन पिता हिरदूराम जाति लोधी निवासी ग्राम पारागांवखुर्द को प्राप्त हुआ एवं खसरा नं. 211/2 रकबा 0.109 हेक्टेयर भूमि आवेदक क्र. 02 रामकुमार पिता हिरदूराम जाति लोधी निवासी ग्राम पारागांवखुर्द को प्राप्त हुआ। उक्त भूमि खसरा नं. 211/1 रकबा 0.178 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 211/2 रकबा 0.109 हेक्टेयर भूमि आन लाईन नक्शा गलत कटा हुआ है। नक्शा में अन्तर होने से आवेदक क्र.01 एवं क्र. 02 को कृषि कार्य में परेशानी हो रही है। उक्त भूमि खसरा नं. 211/1 रकबा 0.178 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 211/2 रकबा 0.109 हेक्टेयर भूमि कास्त कब्जा के अनुसार नक्शा दुरुस्त करने बाबत् आवेदन पत्र, नक्शा, खसरा, बी-1 की प्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 20.11.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़(छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202410092100028 अ/6 वर्ष 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक कैलाश गोयल पिता नंदलाल गोयल जाति अग्रवाल उम्र 58 वर्ष निवासी पटेल वार्ड नं 17. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक 1. कैलाश गोयल 2. मनोज अग्रवाल 3. विवेक अग्रवाल 4. योगेश अग्रवाल के अधिकार आधिपत्य एव हक वो स्वामित्व की भूमि जो कि नजूल शहर कालकापारा वार्ड न 10 डोगरगढ़ तहसील डोगरगढ़ जिला राजनांदगांव स्थित भूमि जिसका शीट कमांक 07 भूखण्ड क्रमांक 2195/1ए 2195/1ए क्षेत्रफल 1673 वर्गफुट है। आवेदक कैलाश गोयल एवं 2. मनोज अग्रवाल 3. विवेक अग्रवाल ने दिनांक 24/07/2024 को पंजीकृत हक परित्याग विलेख के माध्यम से नजूल शहर कालका पारा डोंगरगढ़ भूमि को हकग्रहिता के रूप में प्राप्त किया है। आवेदक के पक्ष में उक्त भूमि का नामांतरण नहीं हो पाया है अतः माननीय महोदय से सादर निवेदन है कि हक परित्यक्ता योगेश अग्रवाल का नाम उक्त खाते से विलोपित कर हक ग्रहिता 1. मनोज अग्रवाल 2. विवेक अग्रवाल 3. कैलाश के नाम से उक्त भूमि का नामांतरण किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 18/11/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिका परिषद गरियाबंद, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

दूरभाष 07706-241349 फैक्स नं. 07706-241349 Email-nagarpalikagariaband@gmail.com

क्रमांक/743/न.पा./लो.नि.वि./2024-25 गरियाबंद, दिनांक 11.11.2024

-:: ई-प्रोक्यूरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ::-

नगर पालिका परिषद गरियाबंद क्षेत्रांतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संस्था/फर्म/एजेंसी से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन-लाईन निविदा फार्म ''A'' में आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सिस्टम टेंडर क्रं.	कार्य का विवरण	अनु. लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि (रूपये में) (FDR)	कार्य की समयावधि	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	161079	वार्ड क्रमांक 03 गांधी मैदान बॉलीबाल ग्राउण्ड के समीप सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	23.79	17900.00	06 माह	04-12-2024 05.30 P.M.
2	161080	विभिन्न स्थानों पर पेवर ब्लॉक स्थापना कार्य	32.10	24100.00	06 माह	04-12-2024 05.30 P.M.
3	161081	वार्ड क्रमांक 05 में ओवर हेड टैंक एवं पम्प हाऊस निर्माण कार्य	89.99	67500.00	06 माह	04-12-2024 05.30 P.M.
4	161082	वार्ड क्रमांक 15 में होटल सिटी रेजेंसी से नीलेश पारख के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	22.68	17100.00	06 माह	04-12-2024 05.30 P.M.
5	161083	वार्ड क्रमांक 15 में होटल सिटी रेजेंसी से फिल्टर प्लांट तक आर.सी.सी. ड्रेन एवं आर.सी.सी. कलवर्ट का निर्माण कार्य	48.97	36800.00	06 माह	04-12-2024 05.30 P.M.
6	161084	फिल्टर प्लांट परिसर में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य	27.16	20500.00	06 माह	04-12-2024 05.30 P.M.
7	161086	वार्ड क्रमांक 02 में तहसील ऑफिस से शिक्षक नगर चौक तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य	30.11	22600.00	06 माह	04-12-2024 05.30 P.M.
8	161088	वार्ड क्रमांक 01 सांई उद्यान में अटल परिसर निर्माण कार्य	29.40	22500.00	02 माह	04-12-2024 05.30 P.M.

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेन्ट वेब (www.eproc.cgstate.gov.in) से डाउनलोड की जा सकती है।

एक कदम स्वच्छता की ओर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गरियाबंद
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

एक नजर

पीजी और यूजी कोर्सेस के लिए आवेदन आमंत्रित

रायपुर, 12 नवम्बर। अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय अपने दो वर्ष के पोस्ट-ग्रैज्युएट प्रोग्राम्स के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। इन एमए प्रोग्राम्स में एमए एजुकेशन, एमए डेवलपमेंट, मास्टर ऑफ़पब्लिक हेल्थ (एमपीएच), एमए अर्ली चाइल्डहुड केअर एवं एजुकेशन शामिल हैं। साथ ही चार वर्षों के बीए ऑनर्स और बीएससी ऑनर्सके लिए भी आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। ये प्रोग्राम अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलूरु और भोपाल कैम्पस में चलाए जाएंगे। इन प्रोग्राम्स का लक्ष्य विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराते हुए उनमें विषय विशेषज्ञता व सामाजिक प्रतिबद्धता का निर्माण करना है। उन्हें सार्थक करिअर की तलाश के लिए प्रेरित करना और शिक्षा की राह पर आगे बढ़ाना इन कोर्सेस का उद्देश्य है।

खूबसूरती निखारने के लिए अब आर्गेनिक तरीका

रायपुर, 12 नवम्बर। आजकल जब कई नेशनल और इंटर नेशनल ब्यूटी ब्रांड्स हानिकारक केमिकल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं, ऐसे में रायपुर का एक ब्यूटी ब्रांड अपने ग्राहकों के लिए प्राकृतिक, सुरक्षित और प्रभावी मेकअप और स्किनकेयर प्रोडक्ट्स पेश कर रहा है। लूना का मानना है कि हर महिला में एक खास खूबसूरती और आत्मविश्वास छुपा होता है, और ब्रांड का मिशन है कि हर महिला खुद को अंदर और बाहर से सुंदर महसूस करे। लूना विशेषकर कामकाजी महिलाओं का समर्थन करता है। इसको ध्यान में रखते हुए लूना की हर पैकेजिंग नीले रंग में की जाती है, जो कामकाजी महिलाओं को प्रदर्शित करता है। इसके प्रोडक्ट्स रेंज में स्किन केयर, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, पर्सनल केयर और वैलनेस प्रोडक्ट्स शामिल है, जिन्हें मुख्य रूप से सुपरफ्रूट नोनी से बनाया गया है। इसमें शामिल है- लूना नोनी ब्राइट विटामिन सी सीरम, लूना नोनी डैज़ल 2 इन 1 स्किन केयर, लूना नोनी ग्लो फ़ोमिंग फेसवॉश, लूना डीप हाइड्रेशन मल्टीपर्पस जेल, क्रीमी मैट लिक्विड लिपस्टिक, लिप, चीक्स और आई टिंट्स, एसीटोन-मुक्त और विटामिन ई से भरपूर नेल पेंट्स और भी बहुत कुछ। लूना के सभी प्रोडक्ट्स 100त्न ऑर्गेनिक और हर्बल इंग्रीडिएंट्स से बनाए गए हैं। यह पैराबेन, सल्फेट, सिलिकॉन और अन्य हानिकारक केमिकल्स से मुक्त है। साथ ही यह क्रुएल्टी फ़्री बनाए गए हैं मतलब इसके प्रोडक्ट्स का परीक्षण जानवरों पर नहीं किया जाता है। पूरी तरह वीगन यह ब्रांड, आत्मनिर्भर भारत पहल का समर्थन भी करता है।

सरेआम शराब पीते आधा दर्जन गिरफ्तार

रायपुर, 12 नवम्बर। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गुढ़ियारी पुलिस ने अशोक नगर में सरेआम शराब पीते आरोपी दुर्गेश साहू 21 वर्ष, टिकरापारा पुलिस ने आरोपी सोनू निषाद 27 वर्ष, नेवरा पुलिस ने आरोपी राहुल कुमार साहू 29 वर्ष एवं आरंग पुलिस ने आरोपी संतोष लोधी 44 वर्ष व मोहित कन्नौजे 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने आरोपी राजकुमार साहू 52 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर, 12 नवम्बर। नेवरा पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक कोचिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस ने ग्राम तुलसी खरोरा में दबिश देकर अवैध शराब के साथ आरोपी देवानंद जांगड़े 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 3520 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव

कलेक्टर और एसएसपी ने मतदान दलों को चुनाव सामग्री के साथ किया रवाना

रायपुर, 12 नवम्बर। छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित रायपुर दक्षिण विधानसभा के लिए हो रहे उप चुनाव में 13 नवंबर को मतदान डाला जाएगा. इसके लिए आज सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज से मतदान सामग्री के साथ मतदान दलों को रवाना किया. इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी डॉ. संतोष सिंह मौजूद रहे. यह भी पढ़ें : शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी, मुंबई पुलिस ने रायपुर से आरोपी को किया गिरफ्तार

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने बताया कि मतदान दलों में मतदाता और कर्मचारियों के लिए तैयारियां पूरी है. कलेक्टर ने बताया कि मतदान केंद्रों में बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती रहेगी. मतदाताओं को बड़ी संख्या में मतदान केंद्र आकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अभियान चलाया गया है.

बता दें कि 13 नवंबर को होने वाले रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में 2 लाख 71 हजार 169 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. इनमें से 1 लाख 33 हजार 800 पुरुष और 1 लाख 37 हजार 317 महिला मतदाता हैं. वहीं 52 तृतीय लिंग मतदाता हैं. इन सभी के लिए क्षेत्र को 42 सेक्टरों में विभाजित कर 266 मतदान केंद्र बनाए गए हैं. सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होने वाले मतदान के लिए 1064 मतदान कर्मी ड्यूटी पर तैनात किए गए हैं. वहीं सुरक्षा के लिए 1532 पुलिस कर्मचारी ङ्क 5 कंपनियां कमान संभालेंगी.

जीत के प्रति पूरी तरह से आशान्वित हैं जीतू

रायपुर। दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी जीतेन्द्र शर्मा जीतू के चुनावी घोष्णा पत्र ने तहलका मचा दिया है। जीतेन्द्र शर्मा ने अपनी टीम के साथ घर-घर दस्तक देकर व धुआंधार चुनाव प्रचार किया है। उनका चुनाव चिन्ह नागरिक है। मतपत्र पर उनका नम्बर 17 है। शर्मा का कहना है कि चुनाव जीतने के बाद भी वे जनता के सेवक रहे हैं। उनको अच्छा जनसमर्थन मिल रहा है। शर्मा ने घोषणा पत्र में आम जनता के हितों से जुड़े उन्हीं बिन्दुओं को शामिल किया है जिन्हें पूरा किया जा सकता है। शर्मा कहते हैं कि जनता ने उन्हें विधायक बना दिया तो वे उन समस्याओं का समाधान करेंगे जिनसे लोगों को रोज दो-चार होना पड़ता है। विकास कार्यों के अलावा बुजुर्गों, युवक-युवतियों, विद्यार्थियों सहित सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखेंगे।

मेकाहारा में एंटी-रैगिंग कमेटी की बैठक

अधीक्षक और सभी विभागाध्यक्षों ने पीड़ित और आरोपी छात्रों से की पूछताछ

रायपुर, 12 नवम्बर। राजधानी रायपुर के पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में रैगिंग का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। इस मामले में कमेटी ने शिकायतों की जांच के बाद एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के दो छात्रों को दोषी मानते हुए निलंबित भी कर दिया गया है। वहीं कॉलेज डीन डॉ. विवेक चौधरी, अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर और सभी विभागाध्यक्षों की मौजूदगी में आज एंटी-रैगिंग कमेटी की अहम बैठक हुई, जिसमें पीड़ित और आरोपी छात्रों से पूछताछ की गई। मामले में कॉलेज डीन विवेक चौधरी ने जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की बात कही है। बता दें कि रैगिंग की यह घटना बीते महीने प्रथम वर्ष के जूनियर छात्रों के साथ हुई थी। इसके बाद स्वजनों द्वारा नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) से भी शिकायत की गई थी। साथ ही इंटरनेट मीडिया में भी इस तरह की शिकायतें पोस्ट कर उन्हें एनएमसी को टैग किया गया था, जिससे कॉलेज में खलबली मच गई। मामला गरमाने और विवाद गहराने के बाद आनन-फानन में एंटी-रैगिंग कमेटी को जांच की जिम्मेदारी सौंप दी गई। एंटी-रैगिंग कमेटी ने शिकायतों की जांच में जूनियर छात्रों के आरोपों को सही पाया। इस पर एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के दो छात्रों दीपराज वर्मा और अंशु जोशी को 10 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है।

एंटी रैगिंग कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई : डीन विवेक चौधरी

एंटी-रैगिंग कमेटी की बैठक के बाद कॉलेज के डीन डॉक्टर विवेक चौधरी ने बताया, मामले में पीड़ित और आरोपी दोनों पक्षों से पूछताछ की गई है, अब एंटी रैगिंग कमेटी की जो रिपोर्ट होगी, उसके अनुसार आगे कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले मामला संज्ञान में आने के बाद प्राथमिक तौर पर कार्रवाई करते हुए तत्काल दो विद्यार्थियों को निलंबित किया गया था। उन्होंने कहा कि मैं खुद लगातार विद्यार्थियों के बीच जा रहा हूँ, उनके क्लास में जा रहा हूँ, विद्यार्थियों को समझाया गया है। जो भी समस्या है, तत्काल मुझे अवगत कराएँ। कॉलेज डीन डॉक्टर विवेक चौधरी ने बताया कि वार्षिकोत्सव आयोजन में कार्यक्रम को लेकर विवाद की शुरुआत हुई थी और धीरे-धीरे बढ़ गई। मामले संज्ञान में आते ही तत्काल दोनों पक्षों को समझाया गया था, पुलिस कार्रवाई और कॉलेज से निकाल देना इसके लिए कोई स्थायी समाधान नहीं है, क्योंकि छात्रों के भविष्य के सवाल हैं। कार्रवाई होगी, रिपोर्ट अनुसार निलंबन अवधि बढ़ाई जाएगी।

रायपुर में कई राज्यों के आदिवासी कलाकार देंगे प्रस्तुति

रायपुर, 12 नवम्बर। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 14 व 15 नवंबर को साइंस कॉलेज मैदान में राज्य स्तर पर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम होगा. बिहार से पीएम मोदी कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे. कृषि मंत्री रामविचार नेताम की अध्यक्षता में आयोजन होगा. मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे. इस मौके पर आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा. आदिवासियों की हितों का संरक्षण और संवर्धन करना कार्यक्रम का उद्देश्य है. इस कार्यक्रम में अन्य राज्यों के 400 से अधिक आदिवासी कलाकार जुटेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे. आयोजन की तैयारी में प्रशासन जुटा हुआ है.



बेटी बचाओ मंच ने मनाया आंवला नवमी

रायपुर, 12 नवम्बर। बेटी बचाओ मंच के पदाधिकारियो ने अनुपम गार्डन में आवला पूजन संपन्न किया। मंच के पदाधिकारियो ने अक्षत, रोली, धूप, दीप के साथ पूजन कर मौली धागा से आठ परिक्रमा किया। उक्त अवसर पर मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने आज के दिन आवला पेड़ के महत्व व धार्मिक मान्यता को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा इस दिन आवला पेड़ में ब्रह्मा, विष्णु, महेश विराजते हैं तथा माता लक्ष्मी उनकी पूजा करती है। इस दृष्टि से इस दिन पूजन से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। पदाधिकारी अपने-अपने घर से बनाकर लाये विविध व्यंजन का पेड़ के नीचे मिल बैठकर लुफ्त उठाए। धार्मिक गीत, भजन आदि का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लीला रहंगडाले, आशा चंद्राकर, विजयलक्ष्मी दीवान, प्रीति मिश्रा, रंभा चौधरी, सरिता कटरे, हेमा यादव, संतोषी जैतवार, सुषमा काले, संध्या पांडे, मीनाक्षी गौतम, लीमन गौतम सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

आकाश को विजयी बनाने की अपील

रायपुर, 12 नवम्बर। अरविंद दीक्षित वार्ड क्रमांक 56 के दुर्गा नगर झुग्गी झोपड़ी में दीपक बैज जी की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया सभा का आयोजन वार्ड के सहसंयोजक अशोकराज आहूजा द्वारा किया गया। दीपक भाई ने इस अवसर पर समस्त झुग्गी वासियों से आकाश शर्मा को विजय बनाने का अपील किया और झुग्गी वासियों ने दोनों हाथ उठाकर आकाश शर्मा को जीतने का संकल्प लिया। 11 नवंबर को गुरमुख सिंह नगर में एक चुनावी सभा का आयोजन दीपक बैज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की अध्यक्षता में रखा गया जिसमें गुरमुख सिंह नगर सर्वोदय नगर न्यू सर्वोदय नगर आदर्श नगर दुर्गा नगर कृष्णा नगर के समस्त झुग्गी वासी भाई बहन शामिल हुए इस अवसर पर पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा जी वार्ड प्रभारी पंकज शर्मा जी जोन प्रभारी पूर्व विधायक गुरु दयाल बंजारे जी सह प्रभारी अशोक राजा आहूजा शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ए पार्षद आकाशदीप शर्मा एवं सह प्रभारी करुणा कुर्रे भी उपस्थित थे। दीपक बैज ने अपने शानदार उद्बोधन से झुग्गी वीडियो को प्रभावित किया और आकाश शर्मा को वोट देकर विजय बनाने का प्रस्ताव रखा समस्त झुग्गी वासियों ने एक स्वर में दोनों हाथ उठाकर आकाश शर्मा को विजई बनाने का संकल्प लिया।

अंगारमोती में बैगाओं के महिलाओं के ऊपर चलने की अंधविश्वासी परंपरा बंद हो : डॉ दिनेश मिश्र

रायपुर, 12 नवम्बर। अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा धमतरी गंगरेल के पास अंगारमोती मंदिर में बैगाओं के दल द्वारा महिलाओं के ऊपर चलने की परंपरा अनुचित और अमानवीय है . धार्मिक आस्था, अनुष्ठान की स्वतंत्रता तो सबको है पर सन्तानप्राप्ति के नाम पर महिलाओं के साथ ऐसे हानिकारक रिवाज और कुरीतियों को बंद होना चाहिए. संतानहीनता के लिए सिर्फ महिलाएं जिम्मेदार नहीं हैं।

डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा उन्हें जानकारी मिली है धमतरी, शहर से 14 किमी दूर गंगरेल के पास मां अंगारमोती में शुक्रवार को मड़ई मेला लगा। यहां 54 गांव के देव विग्रह मां अंगार मोती के दरबार में आए, यहां की एक परंपरा है कि महिलाएं पेट के बल लेट जाती हैं और बैगा उनके ऊपर चलते हैं ताकि उन्हें संतान की प्राप्ति हो सके। और महिलाएं इस भरोसे से लेटी रहती हैं, शायद इस प्रक्रिया से उन्हें सन्तान लाभ हो सकेगा. इस बार 350 से अधिक महिलाएं मंदिर के सामने नीबू, नारियल और अन्य पूजा सामान लेकर बाल खोलकर पेट के बल लेटी रहीं। इसे परण कहा जाता है। बैगाओं का दल अपने डांग-डोरी के साथ महिलाओं के ऊपर चलते हुए मां अंगार मोती के दरबार में पहुंचा। इसके बाद यहां बैगाओं ने डांग, मड़ई, त्रिशूल, संकल, कासड़ आदि के साथ परंपरागत रस्में निभाईं। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में गंगरेल बांध स्थित मां अंगारमोती के मंदिर में हर साल मडई के मौके पर हजारों लोगों की भीड़ जुटती है। निसंतान महिलाएं खासतौर पर इस दिन मंदिर पहुंचती हैं। ध्वज और मडई लेकर जाते बैगाओं के सामने पेट के बल लेटकर महिलाएं संतान प्राप्ति के लिए कामना करती हैं। इसी क्षेत्र में मां अंगारमोती का प्रसिद्ध मंदिर है। यहां हर साल दिवाली के बाद पड़ने वाले प्रथम शुक्रवार को मेला मडई का आयोजन होता है। गंगरेल बांध के डूब क्षेत्र में आने वाले 54 गांव के देवी-देवताओं को लेकर वहां के बैगा हर साल मडई में पहुंचते हैं। आस-पास के गांवों के आंगा देवताओं को लेकर भी बैगाओ की टोली पहुंचती है। यहां की मडई को देखने केआ लिए हजारों लोग दूर-दराज के इलाकों से आते हैं। मडई के दिन निसंतान महिलाएं बड़ी संख्या में यहां पहुंचती है। 8 नवंबर को मां अंगारमोती की मडई में 350 से ज्यादा निसंतान महिलाएं संतान प्राप्ति की कामना लेकर पहुंची थीं। मड़ई, ध्वज और डांग लेकर चल रहे बैगाओं की टोली के सामने वे पेट के बल लेट गई। बैगाओं की टोली इन महिलाओं के शरीर पर चलते हुए गुजरी। बताया जाता है कि प्राचीन मान्यता है कि इस तरह महिलाओं के

अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर, 12 नवम्बर। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार ब्रम्हदेव नगर लाभांडी निवासी प्रार्थी सागर कुमार साहू 26 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमसी 0151 को लाभांडी शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में रामनगर गुढ़ियारी निवासी प्रार्थी महेन्द्र कुमार साहू 27 वर्ष ने राजेन्द्र नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमसी 3858 को कलर्स माल के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

राष्ट्रीय कैंसर जागरुकता दिवस पर वेदांता एल्युमिनियम और बाल्को मेडिकल सेंटर लोगों को कर रहे हैं शिक्षित

छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य रैलियां, विशेषज्ञ वार्ताएं व स्क्रीनिंग कैम्प

रायपुर, 12 नवम्बर। राष्ट्रीय कैंसर जागरुकता दिवस के मौके पर भारत की सबसे बड़ी एल्युमिनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमिनियम ने बाल्को मेडिकल सेंटर, छत्तीसगढ़ के सहयोग से जागरुकता एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का आयोजन किया जिनका लक्ष्य कैंसर की रोकथाम, रोग की शीघ्र पहचान और उपचार विकल्पों के बारे में जनता का मार्गदर्शन करना था। सभी गतिविधियां इस वर्ष की थीम ''जल्दी पहचान, बचा सकती है आपकी जान'' के इर्दगिर्द रहीं।

अग्रसक्रिय स्वास्थ्य अभ्यासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वेदांता एल्युमिनियम ने भारत के सबसे अग्रणी कैंसर केयर अस्पतालों में से एक बाल्को मेडिकल सेंटर, छत्तीसगढ़ के सहयोग से स्वास्थ्य जागरुकता रैली, ओडिशा के दूरदराज के इलाकों में पब्लिक स्क्रीनिंग कैम्प एवं कम कीमतों में स्वास्थ्य जांच के शिविर आयोजित किए। इनके अलावा, विशेषज्ञ वार्ताएं संचालित की गईं ताकि लोगों को जीवनशैली परिवर्तन तथा कैंसर के साथ जुड़े जोखिम कारकों का ज्ञान देकर उन्हें सशक्त किया जा सके।

भारत में नौ में से एक व्यक्ति को कैंसर होने की संभावना है, इसमें फेफड़ों और स्तन कैंसर सबसे आम हैं। राष्ट्रीय कैंसर जागरुगता दिवस 7 नवम्बर को मनाया जाता है, इस दिन जल्द पहचान, रोकथाम व जीवनशैली में परिवर्तन के महत्व से लोगों को परिचित कराया जाता है ताकि इस बढ़ती जन स्वास्थ्य समस्या का मुकाबला किया जा सके।

भवानीपटना, ओडिशा में लोगों को शिक्षित करने के लिए कैंसर जागरुकता रैली आयोजित की गई, जिसमें स्थानीय नर्सिंग कॉलेजों से 150 से अधिक सहभागियों ने हिस्सा लिया। सामुदायिक भागीदारी में मदद के लिए एक कैंसर और सिकल सैल स्क्रीनिंग का संयुक्त कैम्प जिला अस्पताल में आयोजित किया गया। इसमें 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस कैम्प में मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ सुचेता पाणी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला प्रोग्राम मैनेजर भवानीशंकर और बीएमसी में वरिष्ठ सलाहकार एवं ब्लड ट्रांस्फ्यूज़न मेडिसिन व इम्यूनोहिमेटोलॉजी के प्रमुख डॉ नीलेश जैन ने उपस्थिति दर्ज की।

शकुंतला फाउंडेशन ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

रायपुर, 12 नवम्बर। वरिष्ठजनों के लिए समर्पित संस्था शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा कलेक्टर परिसर स्थित बापू की कुटिया में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें वरिष्ठजनों के लिए थाली, दिया व कलश सजावट की प्रतियोगिता रखी गई। वरिष्ठजनों के लिए भजन संध्या भी रखी गई।दीप प्रज्वलन और आतिशबाज़ी कर धूमधाम से आयोजन किया गया। आयोजन में शकुंतला देवी, स्मिता सिंह, गोविन्द अग्रवाल, पदमा घोष, बीनू अग्रवाल, डॉ अनुश्री पाठक, सुभदा पाठक, हासी बैनर्जी, माया तिवारी, वैभव गुप्ता आदि उपस्थित थे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26